दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 173 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 13 जुलाई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

## डोभाल के बयान से पाकिस्तान में मची खलबली, बौखला उठा पाक

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर दिए गए बयान से पाकिस्तान तिलमिला उठा है। डोभाल ने शुक्रवार को पहली बार पाकिस्तान की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को बेहद सटीक तरीके से निशाना बनाया और इस दौरान एक भी चूक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मात्र 23 मिनट में पूरा हुआ और इसका आधार पूरी तरह खुफिया जानकारी थी। अब पाकिस्तान के हुक्मरान भारतीय एनएसए के इस खुलासे पर बौखला गए हैं। दरअसल, डोभाल ने विदेशी मीडिया को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर भारत को नुकसान पहुंचा है, तो एक भी फोटो, एक भी सैटेलाइट इमेज दिखा दें। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो तो बताएं। हम जानते थे कौन कहां है और हमने उसी जगह को निशाना बनाया। हमसे कोई चूक नहीं हुई। डोभाल के इस बयान के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डोभाल के बयान को 'तोड़फोड़ और झूठ से भरा हुआ' करार दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने भारत पर संप्रभुता के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि डोभाल का बयान एक जानबूझकर किया गया झूठा प्रचार है। यह जिम्मेदार कूटनीति के सभी मानकों का उल्लंघन है। भारत का इस तरह सैन्य हमले पर घमंड करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में बदली भारत को लेकर धारणा: राजनाथ

जयपुर टाइम्स



**लखनऊ।** नरेन्द्र मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उनका एअरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के ऐशबाग रामलीला मैदान के सभागार में भाजपा मंडल चार के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण दुनिया में भारत के प्रति धारणा बदली है। धन दौलत के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में भारत ग्यारहवें नंबर पर था। आज तेजी से छलांग लगाकर भारत की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर आ गई है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्ष में हम तीसरे नंबर पर होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पोषित आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भी बदलते भारत का साक्षी है। जिसे हमारी बहादुर सेना ने अंजाम दिया है। ऑपरेशन सिंदूर सन 1971 के बाद पाकिस्तान पर सबसे सटीक और माकूल हमला है। रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही सांसद, विधायक और पार्षद बनाते हैं, उनको पूरा सम्मान दीजिए। कार्यकर्ता भी वार्ड में अपने आसपास रहने वालों के सुख दुख में शामिल हों। उनमें सत्ता के रुतबे का भाव न हो, विनम्रता और शालीनता बनाए रहें। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ के गोमती नगर जैसा रेलवे स्टेशन भारत ही नहीं पूरे एशिया में देखने को नहीं मिलेगा। लखनऊ जैसा एयरपोर्ट कहीं नहीं है। चारबाग की सेकेंड एंट्री का काम भी 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उनका हालचाल पूछा और समस्याएं भी जानी। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य डा.दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## दिल्ली में इमारत ढही, छह लोगों की मौत



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। यहां अचानक चार मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई। मलबे में आठ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। मलबे में दबने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस, दमकल और एनडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। स्थानीय लोग मलबा हटाने में मदद कर रहे हैं। छह लोगों की मौत की बात सामने आई है। पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। एक महिला और एक पुरुष का शव थोड़ी देर पहले मलबे से निकली गई है। पुलिस की ओर से अभी दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग एनडी आरएफ, नगर निगम समेत तमाम बचाव दल मौके पर मौजूद रहे। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुटी। इलाका बेहद घनी आबादी और संकरी गलियों वाला होने के कारण रेस्क्यू में कठिनाई हुई।

### गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार

## इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज: मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल



जयपुर टाइम्स

**बंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे 'मिशन एबॉर्ट' कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिस पर काम किया जा रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने दी क्वारी लाइसेंस धारकों व अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्वारी लाइसेंस धारकों व अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत प्रदान करते हुए खनन पट्टों की अवधि वृद्धि के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ाने जाने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की है। इसके लिए राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली-2017 के नियम 9 (3ए) व नियम 10 (3ए) में संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से जहां राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं अवैध खनन पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही, अवधि समाप्त क्वारी लाइसेंसों के डेलिनियेशन की कार्यवाही में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से निजात मिलने के कारण करीब 2500 क्वारी लाइसेंस धारकों को राहत मिलेगी। विभिन्न जनप्रतिनिधियों की ओर से मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया था कि खान व भूविज्ञान विभाग के डीएमजी ऑनलाइन सिस्टम पर क्वारी लाइसेंस के डाटा ऑनलाइन अपडेट नहीं होने से बहुत से क्वारी लाइसेंसधारक अवधि वृद्धि का ऑनलाइन आवेदन पूर्व में निर्धारित तारीख 31 मार्च, 2025 तक करने से वंचित रह गए थे। उल्लेखनीय है कि वैध खनन को बढ़ावा देने और खनिज क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग पर जोर देते हुए नियमों के सरलीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में अप्रधान खनिजधारकों को लीज अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग स्तर पर आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त करते हुए अप्रधान खनिज लीज अवधि में वृद्धि के अधिकार संबंधित खनिज अभियंता व सहायक अभियंता को दिए गए हैं। इसी प्रकार, अप्रधान खनिज के खनन पट्टों और क्वारी लाइसेंस की अवधि वर्ष 2040 तक बढ़ाए जाने के बाद देय प्रीमियम राशि एकमुश्त जमा कराने में असुविधा को देखते हुए अधिकतम पांच किश्तों में प्रीमियम राशि जमा कराने की छूट प्रदान कर दी गई है। राज्य सरकार के इन निर्णयों से अप्रधान खनिज लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों को बड़ी राहत मिली है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कोचिंग कल्चर को बताया खतरनाक, कहा- बच्चों को रोबोट बना रहे...




जयपुर टाइम्स

**कोटा** देशभर में कोचिंग सिटी के नाम से जाने जाने वाले कोटा में कोचिंग को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बड़ी बात कही है. उन्होंने कोचिंग कलर को खतरनाक बताते हुए कहा है कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं. कोचिंग सेंटर न्यू एजुकेशन पॉलिसी के भी खिलाफ है, इससे बच्चों को साइकोलॉजिकल परेशानी भी हो रही ह।उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने कोचिंग कल्चर को खतरनाक बताते हुए कहा कि सीट्स कम है और कोचिंग संस्थान देशभर में बच्चों को रोबोट बना रहे है। वहीं उपराष्ट्रपति ने कोचिंग सेन्टर को स्किल सेंटर बनाने के प्रयास करने की बात कही है। कोटा में ट्रिपल आईटी के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गोल्ड मेडल और उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि डिग्री प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं है। आप ऐसा काम करिए जो आप दूसरों को भी रोजगार दे सकें। उन्होंने देश के उन नामी लोगों का उदाहरण दिया, जो आज दुनिया में हजारों करोड़ों लोगों को रोजगार देने में सक्षम बन गए ह।उपराष्ट्रपति ने कोटा की भी सराहना करते हुए कहा कि कोटा का नाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने देश और दुनिया तक पहुंचाया। IIT कोटा दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी अपने संबोधन में स्टूडेंटस का उत्साहवर्धन किया और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दर्ज करवाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में पहुंचते ही उन्होंने पौधारोपण करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. दीक्षांत समारोह के दौरान मंत्री मदन दिलावर, हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी भी मौजूद रह।दीक्षांत समारोह में दो गोल्ड मेडल के साथ 189 उपाधियां होगी वितरित की गई।

### सीकर में वीर तेजाजी महाराज मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

## वीर तेजाजी महाराज सत्य, वचनबद्धता और परोपकार की त्रिवेणी: डॉ. सतीश पूनिया

### हमारी माताएं- बहनें देश की ताकत, पर्यावरण की रक्षा से लेकर धर्म की सेवा तक मातृशक्ति अग्रणी

जयपुर टाइम्स







**सीकर(निस)।** सीकर जिले के सिगडोला छोटा गाँव में धर्म, श्रद्धा, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब श्री वीर तेजाजी महाराज मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। समाजसेवी भागीरथ बगड़िया व रामप्यारी की ओर से अपनी शादी की 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन करवाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में सनातन संस्कृति की मजबूती का संकल्प करने का संदेश पहुंचा। बता दें कि सिगडोला छोटा गांव में धर्म, संस्कृति और समाजसेवा का एक अद्वितीय संगम देखने को मिला जब गांव में श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन की अध्यक्षता भाजपा के हरियाणा प्रभारी व भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने की। वहीं धार्मिक मार्गदर्शन वीर तेजाजी के मूल स्थान खरनाल से पधारे दरियाव धौलिया भोपाजी का रहा। वीर तेजाजी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सतीश पूनियां ने सीकर में श्री जीणमाता जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और प्रदेश व देशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। श्री वीर तेजाजी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में डॉ. सतीश पूनियां ने अपने भाषण में वीर तेजाजी महाराज को राजस्थान के लोक जीवन का आदर्श और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, श्री वीर तेजाजी केवल एक लोकदेवता नहीं हैं, बल्कि हमारे संस्कारों, परंपराओं और जीवन मूल्यों के जीवंत प्रतीक हैं। वे सत्य, वचनबद्धता और परोपकार की त्रिवेणी हैं। उन्होंने विषधर सर्प को भी अपना वचन निभाने के लिए आमंत्रित किया, जो यह दर्शाता है कि तेजाजी के लिए वचन की मर्यादा सर्वोच्च थी। डॉ. पूनियां ने भागीरथ बगड़िया और रामप्यारी की ओर से समाज के लिए किए गए इस कार्य को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि आज जब लोग वर्षगांठ के अवसर पर निजी उपभोग को महत्व देते हैं, उस समय यह दंपती समाज को समर्पित कार्य करके आने वाली पीढ़ियों को सच्चा संस्कार दे रही है, जो समाज, प्रदेश व देश के उत्थान का महत्वपूर्ण काम है, जो हम सबके लिए अनुकरणीय हैं। यह सिर्फ एक मूर्ति स्थापना नहीं है, यह सामाजिक चेतना, श्रद्धा और धर्म के प्रति समर्पण का सजीव उदाहरण है। अपने संबोधन में डॉ. पूनियां ने भारतीय संस्कृति में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे देश की ताकत हमारी माताएं और बहनें हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं खुद भूखी रह सकती हैं, लेकिन परिवार को भरण पोषण करवाकर संतुष्ट होती हैं। पर्यावरण की रक्षा हो या धर्म की सेवा, महिलाएं हमेशा अग्रणी रही हैं। उन्होंने आईएएस रेखा सिहाग का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह मुकाम हासिल कर दिखाया और युवाओं, बहन बेटियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। पूनियां ने कहा कि वीर तेजाजी न केवल एक लोकदेवता हैं बल्कि हमारे लोक जीवन की नैतिकता, संकल्प और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने वचनों को पूर्ण करके अमरत्व प्राप्त किया और हमें यह सिखाया कि व्यक्ति को अपने वचनों पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे तेजाजी महाराज के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें और समाजहित व राष्ट्रहित में कार्य करें। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, संत सिद्धेश्वरानंद महाराज, भाजपा पूर्व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवा, सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ और पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। मंदिर की विधिवत स्थापना अतिथियों ने की। कार्यक्रम का संचालन ओंकार मूंड ने किया और आभार अभिनंदन अमित बगड़िया ने किया। हजारों श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए और पूरे गांव ने इस उत्सव को श्रद्धा, आस्था और एकता के संगम के रूप में मनाया। सिगडोला छोटा गांव में दिनभर भक्ति और उत्सव का वातावरण बना रहा। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि यह सामाजिक समर्पण और लोक आस्था का सजीव प्रमाण बनकर सामने आया।

# केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण, ग्रामीणों को वितरित किए पौधे

जयपुर टाइम्स



**पाली/जयपुर(कासं.)।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को पाली जिले के प्रवास के दौरान ग्राम गिरादड़ा में आयोजित एक समारोह में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत पौधारोपण कर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को पौधे वितरित किए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनचेतना को बल मिले। मंत्री श्री कुमावत ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत पशुपालकों को बीमा पॉलिसी भी सौंपी, जिससे उन्हें प्राकृतिक आपदाओं या पशु हानि की स्थिति में राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई कार्यों का लोकार्पण किया। गिरादड़ा जागीर, जवादिया और बल्दो की ढाणी स्थित राजकीय विद्यालयों में विधायक कोष से निर्मित टीन शेड का उद्घाटन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, गुलाबपुरा में तालाब की दीवार निर्माण, आम चौके से आई माता वडेर की दिशा में सीवरेज पाइपलाइन बिछाने तथा दाकू देवी के घर से गंदे नाले तक सीवरेज कार्य का लोकार्पण कर ग्रामीण विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। श्री कुमावत ने आगे गिरादड़ा से जवादिया मार्ग पर सीवरेज कार्य, जवादिया में खीमाराम देवासी के घर से बांडी नदी की ओर नाले के निर्माण तथा बल्दो की ढाणी में भगाराम आदाजी के घर से वेनाराम मेघवाल के घर तक सीसी मय नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है और आने वाले समय में भी इसी गति से विकास कार्य जारी रहेंगे।

## गहलोत बोले - देश में डर और अविश्वास का माहौल, लोग कहने लगे 'फेसटाइम पर बात करो

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश में भय और अविश्वास का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि अब पति-पत्नी तक एक-दूसरे से कहने लगे हैं कि 'फेसटाइम पर बात करो', क्योंकि उन्हें लगता है कि उनका फोन टेप हो सकता है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है। गहलोत ने कहा कि आज भले फोन टेप न हो रहे हों, लेकिन यदि लोगों के मन में यह भय बैठ गया है, तो यह अपने आप में लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे की घंटी है। उन्होंने केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी और शासक वर्ग को सोचना होगा कि देश किस दिशा में जा रहा है और जनता उनके बारे में क्या सोच रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए चुनाव आयोग, न्यायपालिका, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं को निष्पक्ष और मजबूत बनाना पड़ेगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक जज का हवाला देते हुए कहा कि जब उन्हें तक यह कहना पड़ा कि चुनाव आयोग जिन दस्तावेजों की मांग कर रहा है, वह उनके पास भी नहीं हैं, तो यह बेहद शर्मनाक है। बिहार में वोटर ष्ठ सत्यापन अभियान को लेकर भी गहलोत ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो लोग 10 चुनावों में मतदान कर चुके हैं, उनसे भी सवाल पूछे जा रहे हैं। यह पूरी प्रक्रिया एक मजाक बनकर रह गई है। बिहार की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए गहलोत ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे मित्र हैं, लेकिन जिस तरह बीजेपी ने उनके सांसदों और विधायकों को भीतर ही भीतर तोड़ा, वह दुखद है। गवर्नेंस पूरी तरह चरमरा गया और लोग निराश हो गए। उन्होंने दावा किया कि जैसे ही ष्ठ्रष्ठद्ध गठबंधन ने प्रचार शुरू किया, प्रधानमंत्री मोदी ने 5-6 रैलियां कर डालीं। लेकिन अब माहौल बदल चुका है और जनता का रुख विपक्ष के पक्ष में दिखाई दे रहा है।

## अंडरपास में जलभराव बना मुसीबत, रेलवे की लापरवाही उजागर

### अधिकारी ने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)** शुक्रवार की बारिश ने रेलवे प्रशासन की पोल खोल दी। जोधपुर लाइन पर बने अंडरपास में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन विभाग बेपरवाह बना हुआ है। कीचड़ व गंदे पानी से स्कूल बच्चों से लेकर ऑफिस जाने वाले तक परेशान हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए अंडरपास जानलेवा साबित हो रहा है। रेलवे का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई। ष्ठहृङ्क ने फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझा। स्थानीय लोग गुस्से में हैं और त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हर बारिश में यही हालात होते हैं, लेकिन रेलवे सुध लेने को तैयार नहीं। अंडरपास अब भी पानी से लबालब भरा है और हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

## जयपुर में नशे में धुत ड्राइवर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचला, 7 साल का बच्चा भी घायल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** शहर के आमेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब शराब के नशे में धुत एक तेज़ रफ्तार कार ड्राइवर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक महिला, एक पुरुष और एक 7 साल का मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब साढ़े 7 बजे आमेर थाने से महज 2 किलोमीटर दूर पानी की टंकी के पास हुई। पुलिस के अनुसार, हादसे में हांडीपुरा रेगर मोहल्ला निवासी लालीदेवी (37), जितेन्द्र (41) और लवीश (7) घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी आमेर पहुंचाया। वहां से लालीदेवी को गंभीर हालत में एसएमएस ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसकी रीढ़ की हड्डी में गहरी चोट पाई गई। घटना के बाद कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि चालक नशे की हालत में था। आमेर थाना पुलिस ने आरोपी को शांतिभंग की धारा में गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करवाई और कार को जब्त कर लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटना की सूचना कई बार पुलिस को दी गई, लेकिन कोई भी समय पर मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने अपने स्तर पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और चालक को भी पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इस हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती कब होगी और पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था कितनी कारगर है।

## ब्रज आश्रम बूडसु मै आयोजित हुआ महोत्सव दिल्ली गुजरात राजस्थान से पहुंचे शिष्य भक्त गण

**कुचामन सिटी** शहर के पास गांव बूडसु के ब्रज आश्रम बूडसु मकराना राजस्थान में बड़े धूमधाम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव ओम गिरी जी महाराज गादी पति ब्रज आश्रम द्वारा यज्ञ हवन,भंडारा सत्संग, गुजरात राजस्थान दिल्ली से आए हुए सभी सनातनी शिष्य भक्त गण की विशाल संख्या की साक्षी में मनाया गया. इस अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में राजस्थान दिल्ली गुजरात से पधारे हुए श्रद्धालु ने शिक्षा दीक्षा ग्रहण की।

## पाली में 'होम बेस्ड केयर' कार्यक्रम का शुभारंभ, राजस्थान में पहली बार हुई पहल




जयपुर टाइम्स

**जयपुर/पाली(निसं.)।** ज़िले में राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरुआत की गई। पूरे राजस्थान में पहली बार, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज़ों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज पाली परिसर से किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत कैबिनेट मंत्री जोरा राम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर एक विशेष वाहन को रवाना किया । सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि इस वाहन से प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीम के साथ ऐसे मरीज़ों के घर जाकर उन्हें आवश्यक देखभाल और सहायता प्रदान करेगी जो गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में आकर इलाज लेने में असमर्थ है। राष्ट्रीय पालिवटिव केयर कार्यक्रम के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार द्वारा इसकी शुरुआत पाली जिले से की गई है । अन्य जिलों में भी शीघ्र यह सुविधा प्रारम्भ की जाएगी । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेदान्त गर्ग, क्षय रोग अधिकारी डॉ. उजमा जबीन, पाली डेरी के चेयरमैन प्रताप सिंह बींठिया , पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, मेडिकल कॉलेज पाली के एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह गुर्जर और पीएसएम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सलिल दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनके अलावा, डॉ. प्रियंका कुमावत, डॉ. भारतेश एवं मेडिकल कॉलेज के अनेक विद्यार्थी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## नौकरानी ने पालतू डॉग को बेरहमी से पीटा, सीसीटीवी में कैद हुई घटना,मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में एक पालतू डॉग के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। एक महिला नौकरानी द्वारा डॉग को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। घटना विद्याधर नगर स्थित रूपम एनक्लेव की है, जहां रहने वाली डॉ. संगीता ने नौकरानी मंजू कंवर (42) के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। डॉ. संगीता बनीपार्क में एक निजी स्कूल चलाती हैं और उनके घर में एक फीमेल डॉग है जिसकी देखभाल का जिम्मा मंजू कंवर को सौंपा गया था। संगीता ने दिसंबर 2023 में मध्यप्रदेश के शाजापुर की निवासी मंजू को हाउस हेल्प के तौर पर रखा था। पिछले कुछ दिनों से पड़ोसियों ने बताया कि संगीता के बाहर जाने के बाद फ्लैट से डॉग की कराहने और चीखने की आवाजें आती हैं। इस पर संगीता ने घर में ी लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो चौंकाने वाले दृश्य सामने आए। वीडियो में मंजू कंवर डॉग को गर्दन से उठाकर जमीन पर पटकती और फिर पैर पकड़कर उसे उलटा लटकाकर पीटती दिखाई दी। डॉ. संगीता ने मंजू से पूछताछ की तो पहले उसने इनकार किया, लेकिन बाद में स्वीकार कर लिया कि डॉग उसकी बात नहीं मानता इसलिए उसने उसे मारा। पीड़िता ने 11 जुलाई को विद्याधर नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। थाना अधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर मंजू कंवर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। यह घटना न केवल पालतू जानवरों के खिलाफ हो रही हिंसा को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि अब लोग ष्टष्टञ्जङ्क और डिजिटल साक्ष्यों के माध्यम से ऐसे अपराधों को सामने लाने लगे हैं।

## ब्यावर में स्कूल बस और स्लीपर कोच की टक्कर में छात्र की मौत, 6 बच्चे गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**ब्यावर(निसं.)** शनिवार सुबह ब्यावर के बिजयनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में संजीवनी स्कूल के क्लास 4 के छात्र माधव राज (11) की मौत हो गई, जबकि 6 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नेशनल हाईवे-48 पर बिजयनगर थाने के सामने सुबह करीब 8 बजे हुआ, जब एक स्लीपर कोच बस ने बच्चों से भरी स्कूल बस को टक्कर मार दी। हादसे के समय स्कूल बस में करीब 40 छात्र सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि माधव राज की मौके पर ही मौत हो गई। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला था और इन दिनों खामोर गांव में अपने मामा के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। पांच दिन पहले ही उसका संजीवनी स्कूल में एडमिशन हुआ था। हादसे में घायल छात्रों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। अभिभावक घटनास्थल पर पहुंचकर अपने बच्चों को तलाशते नजर आए। गुस्साए ग्रामीणों ने स्लीपर कोच बसों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए हाईवे जाम करने की कोशिश की। मौके पर पहुंचे विजयनगर के तहसीलदार रामकिशोर जांगिड़ और पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर भीड़ को शांत किया। मसूदा के सीबीईओ लोकेश नागरा और डीएसपी सज्जन सिंह ने बताया कि दोनों बसों के ड्राइवरों को हिरासत में ले लिया गया है और दुर्घटना की जांच की जा रही है। स्थानीय लोग स्लीपर कोच बसों पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि ये बसें अक्सर लापरवाही से चलती हैं और कई बार हादसों की वजह बन चुकी हैं। यह हादसा एक बार फिर स्कूल बसों और सार्वजनिक यातायात के बीच समन्वय और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

### हर घर तक पहुंचेगा स्वच्छ जल

## भागीरथ चौधरी के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता, 365 करोड़ की जल परियोजना स्वीकृत

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़(अजमेर)** अजमेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा हुई है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के सतत प्रयासों से जल जीवन मिशन के तहत 365.85 करोड़ की बहुप्रतीक्षित पेयजल परियोजना को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह परियोजना बिसलपुर जल प्रणाली से जुड़कर अजमेर जिले के 202 मुख्य तथा 355 अन्य आबादियों में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य करेगी। मंत्री चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' मिशन को साकार करने की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि "मेरी प्राथमिकता है कि अजमेर संसदीय क्षेत्र का कोई भी गांव पेयजल संकट से न जूझे। यह परियोजना न केवल स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी बल्कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान भी होगी।" योजना के तहत पुष्कर-किशनगढ़ क्षेत्र के 128 गांवों में लगभग 1600 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी और 25,942 घरों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे। इनमें 56 गांव पुष्कर-रूपनगढ़ और 72 गांव किशनगढ़ व अराईं उपखंड में शामिल हैं। परियोजना की पूर्णता तिथि मार्च 2027 निर्धारित की गई है, जिसमें एक वर्ष की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि और 10 वर्षों तक संचालन व अनुरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। योजना के अंतर्गत 50 उच्च जलाशयों और 10 स्वच्छ जलाशयों का निर्माण प्रस्तावित है। जलाशय इन्दौली, देवपुरी, गोठियाना, गुंदली, अमरपुरा, करडाला, खंडाच, बीती, जाटली, डांग, रघुनाथपुरा, माला, चोसला, मगरा आदि गांवों में बनाए जाएंगे। वहीं, 5 नए पंप हाउस कोटड़ी, सिंरोज, पाटन, रलावता और खेरिया की ढाणी में बनेंगे। इस परियोजना से अजमेर जिले में स्वच्छ जल की पहुंच एक हकीकत बनेगी और ग्रामीणों को लंबे समय से चले आ रहे जल संकट से राहत मिलेगी।

## जयपुर में अवैध मीट दुकानों पर हेरिटेज निगम की बड़ी कार्रवाई, 28 दुकानें सीज, व्यापारियों ने जताया विरोध

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने शनिवार को परकोटे क्षेत्र के वार्ड 62 और 65 में अवैध रूप से संचालित मीट और मांस की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 28 दुकानों को सीज कर दिया गया। निगम की टीम जब मौके पर पहुंची, तो स्थानीय व्यापारियों ने विरोध जताया, लेकिन सतर्कता दस्ते की समझाइश के बाद स्थिति को शांत किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि इन दुकानों के खिलाफ काफी समय से नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिल रही थीं। निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान 24 आवारा कुत्तों का भी रेस्क्यू किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारियों ने निगम टीम को रोकने की कोशिश की, जिससे तनावपूर्ण स्थिति बन गई, लेकिन निगम की टीम ने कार्यवाही जारी रखते हुए सभी 28 दुकानों को सील कर दिया। कमिश्नर डॉ. निधि पटेल ने स्पष्ट किया कि अवैध मीट दुकानों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जनता की शिकायतों और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम की सतर्कता शाखा ने शनिवार को वार्ड 49 निरीक्षण के बाद शहर के प्रमुख स्थानों – पांच बत्ती, युधिष्ठिर मार्ग, स्टेच्यू सर्किल, सहदेव मार्ग, बड़ी चौपड़, रामगंज से सूरजपोल तक – पर अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई की। इस दौरान सात ट्रक सामान जब्त किया गया। नगर निगम की यह मुहिम साफ तौर पर यह संकेत देती है कि शहर में अव्यवस्थित और अवैध व्यापारिक गतिविधियों पर अब कठोरता से नियंत्रण किया जाएगा।

### कोटा में प्रेम संबंधों का दर्दनाक अंत

## महिला वकील को गोली मार बॉयफ्रेंड ने की खुदकुशी, युवक की मौके पर मौत

जयपुर टाइम्स



**कोटा(निसं.)** शहर के आरकेपुरम इलाके में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज घटना में प्रेम संबंधों का दुखद अंत हो गया। युवक करण गुर्जर (32) ने अपनी प्रेमिका, महिला वकील पूर्वा शर्मा (29) को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। करण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पूर्वा को मेडिकल कॉलेज के न्यू हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन कर उसके सिर से गोली निकाल ली गई। पुलिस के अनुसार, दोनों एक ही स्कूटी पर रात करीब 10.30 बजे मुकंदरा वन विभाग कार्यालय के पास पहुंचे थे। बातचीत के दौरान तलाक और रिश्ते को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसके बाद करण ने पीछे से पूर्वा के सिर में गोली मार दी और फिर खुद को भी शूट कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से अवैध पिस्टल बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है कि यह हथियार करण के पास कहां से आया। डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया कि पूर्वा के बयान में खुलासा हुआ है कि दोनों के बीच 2-3 साल से अफेयर चल रहा था। करण की तीन महीने पहले शादी हुई थी, जिससे विवाद और गहरा गया था। करण गुर्जर कोटा के कैथून कस्बे का रहने वाला था और वर्तमान में महावीर नगर में रह रहा था। उस पर पहले से तीन-चार आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि उसके पिता भी हिस्ट्रीशीटर हैं। पूर्वा कोटा के दादाबाड़ी क्षेत्र की निवासी हैं। घटना की जानकारी वहां से गुजर रहे एक कार सवार ने पुलिस को दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, करण की मौत हो चुकी थी और पूर्वा गंभीर रूप से घायल थी। पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी भिजवाया और मौके की गहन जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक वारदात प्रेम संबंधों में असंतुलन और मानसिक तनाव के खतरनाक परिणामों की ओर इशारा करती है, जिसमें एक जान चली गई और एक जिंदगी मौत से लड़ रही है।

# युवा पीढ़ी के साथ सामंजस्य बिठाते हुए बढ़ें आगे !



सुनील कुमार महला फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

*आज हमारे में न सहनशीलता ही रही है और न ही धैर्य और संयम।हम छोटी-छोटी या यूं कहें कि ज़रा-जरा़ सी बातों को अपने 'इगो' (अहम्) हिस्सा बना लेते हैं और क्रोध या तैसे में आकर ऐसा कुछ कर बैठते हैं कि फिर पश्चाताप के अलावा हमारे पास करने को कुछ शेष नहीं बचता है। आज आए दिन मीडिया की सुर्खियों में हम रिश्तों के कत्ल की खबरें पढ़ते-सुनते हैं, यह दर्शाता है कि आज हमारा समाज एक ग़लत दिशा में और अनैतिकता की ओर जा रहा है। गुरू ग्राम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर राधिका यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह वीडियो एक साल पहले शूट किया गया था। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह वीडियो तो राधिका की हत्या की वजह नहीं? मीडिया में आई खबरों के अनुसार राधिका यादव ने एक साल पहले म्यूजिशियन इनामुल के साथ एक वीडियो बनाया था। इसमें लव स्टोरी दिखाई गई थी।*

हाल ही में हरियाणा के गुरुग्राम में नेशनल लेवल की टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव(25 वर्ष) की उसके ही पिता द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई, वास्तव में यह बहुत ही दुखद और त्रासद है। अब यहां सवाल यह उठता है कि यह मामला ऑनर किलिंग का है या इसके पीछे बात कुछ और थी ? जो भी हो निर्मम हत्या की खबर ने हर किसी को झकझोर के रख दिया है। राधिका यादव की घटना के अलावा इधर नारनौंद उपमंडल के गांव बास के एक निजी स्कूल संचालक पर भी दो छात्रों ने हमला कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, यह बहुत ही दुखद है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार गुरुवार गुरू पूर्णिमा के दिन, नारनौंद के एक स्कूल के दो छात्रों ने स्कूल संचालक पर चाकू से हमला कर दिया था, जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान स्कूल संचालक की मौत हो गई तथा हमले के बाद दोनों आरोपी छात्र मौके से फरार हो गए। दोनों ही घटनाओं में रिश्तों और आत्मीय अहसासों का कत्ल हुआ है।यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में रिश्ते तार-तार होते चले जा रहे हैं और रिश्तों में एक घुटन पैदा हो चुकी है। यह ठीक है कि समय के साथ आज मनुष्य की जरूरतें, इच्छाएं और प्राथमिकताएं बदली हैं,शादी, बच्चे, नौकरी, या किसी अन्य शहर में रिहायश से रिश्तों में आमूलचूल परिवर्तन आएं हैं। पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव भी हमारे रिश्तों-नातों पर कहीं न कहीं अवश्य ही पड़ा है।काम के दबाव, सामाजिक दबाव, या परिवार के सदस्यों के हस्तक्षेप जैसे बाहरी कारकों ने भी रिश्तों को कहीं न कहीं प्रभावित किया है। आपसी विश्वास, भरोसे की कमी रिश्तों में दूरियां पैदा कर रही है।समय के साथ, मनुष्य की रुचियां और प्राथमिकताएं बदलीं हैं, जिससे रिश्तों में बदलाव आएं हैं।एकल परिवार भी एक बड़ा कारण है, लेकिन रिश्तों को निभाने के लिए आपसी संवाद, विश्वास, भरोसा एक दूसरे की भावनाओं और जरूरतों को समझने के साथ ही साथ एक दूसरे के लिए समय निकालने, तथा जब कोई समस्या या परेशानी आती है, तो उसे नज़रअंदाज़ करने के बजाय, एक-दूसरे के साथ मिलकर उसका समाधान खोजने का प्रयास करने की आवश्यकता होती है। वास्तव में, कहना ग़लत नहीं होगा कि रिश्तों को बनाए रखने के लिए, धैर्य, समझ, और प्रयासों की आवश्यकता होती है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि रिश्ते समय के साथ विकसित होते हैं, और कभी-कभी बदलाव होना स्वाभाविक है।गुरू ग्राम और नारनौंद में जो घटना हुई है,इन घटनाओं ने हर किसी के मन और आत्मा को विचलित किया है कि आखिर क्यों ऐसी घटनाएं हमारे समाज में क्योंकर घटित हो रहीं हैं ? आज हमारे में न सहनशीलता ही रही है और न ही धैर्य और संयम।हम छोटी-छोटी या यूं कहें कि ज़रा-जरा़ सी बातों को अपने 'इगो' (अहम्) हिस्सा बना लेते हैं और क्रोध या तैसे में आकर ऐसा कुछ कर बैठते हैं कि फिर पश्चाताप के अलावा हमारे पास करने को कुछ शेष नहीं बचता है। आज आए दिन मीडिया की सुर्खियों में हम रिश्तों के कत्ल की खबरें पढ़ते-सुनते हैं, यह दर्शाता है कि आज हमारा समाज एक ग़लत दिशा में और अनैतिकता की ओर जा रहा है। गुरू ग्राम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर राधिका यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह वीडियो एक साल पहले शूट किया गया था। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह वीडियो तो राधिका की हत्या की वजह नहीं? मीडिया में आई खबरों के अनुसार राधिका यादव ने एक साल पहले म्यूजिशियन इनामुल के साथ एक वीडियो बनाया था। इसमें लव स्टोरी दिखाई गई थी। राधिका की हत्या के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि घटना के पीछे का सारा सच क्या है यह तो जांच पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगा। बहरहाल, यहां सवाल यह भी उठता है कि क्या जनरेशन गैप के कारण समाज में ऐसी घटनाएं जन्म ले रही हैं अथवा इसके पीछे कोई अन्य कारण हैं ? यह ठीक है कि अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों के बीच सोच, मूल्यों, व्यवहार और दृष्टिकोणों में अंतर पाया जाता है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि दोनों ही पीढ़ियां (बुजुर्ग और युवा) एक दूसरे के दृष्टिकोण, व्यवहार और मूल्यों को समझें। यह ठीक है कि युवा पीढ़ी निर्णयों में बुजुर्गों की तुलना में कुछ ज्यादा उतावली व आक्रामक होती है, लेकिन बुजुर्गों का यह दायित्व बनता है कि वे युवा पीढ़ी का नैतिक व सही मार्गदर्शन करें, उन्हें समझाएं-बुझाएं। जानकारी के अनुसार राधिका सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनना चाहतीं थी,उनकी हत्या से खेल जगत गमगीन है। आज 'बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ' का जमाना है और हरियाणा की लड़कियां तो वैसे भी दुनिया में हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहीं हैं। इस संदर्भ में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने यह बात कही है कि परिवार को लड़कियों को हर तरह का सहयोग देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की तरह ही एक लड़की के भी अपने अरमान और सपने होते हैं, ऐसे में यदि कोई लड़की कुछ बनना चाहती है, अथवा अपने सपनों को पंख देना चाहती है तो परिवार का यह दायित्व बनता है वह उसके सहयोग के लिए आगे आए, न कि उसके सपनों,अरमानों के आगे रोड़ा बने।दो साल पहले लगी चोट के कारण टेनिस में करियर बनाने से दूर रहने के बाद, राधिका सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनने की ख्वाहिश रखती थीं और वह अक्सर इंस्टाग्राम पर रील बनाकर अपलोड करती थीं। दीपक अपनी बेटी की सोशल मीडिया पर मौजूदगी से नाराज था। उसने उसे रील डिलीट करने को भी कहा था।जानकारी के अनुसार दीपक अपनी बेटी के टेनिस अकादमी चलाने, उसके बढ़ते कद और आर्थिक आजादी से भी खुश नहीं था। दीपक ने पुलिस के सामने यह कबूल किया है कि गांव वालों के तानों ने उसके गुस्से को और भड़का दिया, जो यह कहते थे कि वह अपनी बेटी की कमाई पर पल रहा है। गौरतलब है कि राधिका ने विभिन्न टेनिस टूर्नामेंटों में हरियाणा और देश का प्रतिनिधित्व किया था और कई पदक और पुरस्कार जीते थे। विभिन्न समाचार-पत्रों में गुरुग्राम में राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की हत्या की वजह उसके रील बनाने का जुनून बताया गया है, तो अन्य पत्रों में बेटी द्वारा टेनिस अकादमी खोलने से पिता का नाराज होना बताया गया है, लेकिन वास्तव में ये कोई ऐसी वजह नजर नहीं है कि पिता ही अपने ही जिगर के टुकड़े को गोली मार दे। जाहिर है विवाद व टकराव की लंबी पृष्ठभूमि रही होगी। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हमारे सामाजिक परिवेश में लगातार बदलाव आ रहें हैं। नई पीढ़ी के सोचने-समझने के तरीके बुजुर्ग पीढ़ी से अलग व जुदा हैं। ऐसे में हमारी युवा पीढ़ी, बुजुर्गों के साथ सामंजस्य नहीं बिठा पा रही है।नई पीढ़ी की स्वच्छंदता व स्वतंत्रता और अपने बड़े फैसले स्वयं लेने की प्रवृत्ति बुजुर्ग पीढ़ी को रास नहीं आ रही है, जिसका प्रतिकार या यूं कहें कि विरोध वे हिंसक तरीके से करने लगे हैं। वहीं नारनौंद में हुई घटना हमें आक्रामक होते किशोरों की हकीकत पर विचार करने को बाध्य करती है। दो छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या किस वजह से की, उसकी हकीकत की असली तस्वीर हालांकि पूरी जांच के बाद ही सामने आ पाएगी, लेकिन बात कोई भी हो किसी छात्र द्वारा गुरु की हत्या करने की वजह नहीं हो सकती।कहा जा रहा है कि प्रिंसिपल सख्त और बेहद अनुशासनप्रिय थे, लेकिन ये वजह किसी शिक्षक की हत्या को तार्किकता नहीं दे सकती। अनुशासनप्रिय होना अच्छी बात है, लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि आज की युवा पीढ़ी अनुशासन में कम ही रहना चाहती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज की युवा पीढ़ी कड़े अनुशासन को बर्दाशत करने को तैयार नहीं है। पहले के जमाने में तो शिक्षा अध्यापक केंद्रित थी और अनुशासन तोड़ने पर छात्रों की पिटाई आम बात हुआ करती थी, लेकिन आज की शिक्षा छात्र केंद्रित हो गई है। इसका यह मतलब तो नहीं है कि छात्र अपनी मनमर्जी से किसी भी तरह का व्यवहार करें। छात्रों को यह चाहिए कि वे अनुशासन में रहें और अपने अध्यापकों की नसीहतों, उनके सुझावों,उनकी बातों को ध्यान में रखकर उनका पालन करें, न कि उनका बात-बात में विरोध करें। कोई भी अध्यापक किसी भी छात्र को कभी भी ग़लत राय या ग़लत शिक्षा नहीं देता है। छात्रों को संयम व धैर्य रखते हुए नैतिकता व अच्छे स्वभाव का परिचय देना चाहिए।हमारे सोशल साइंटिस्ट को भी ऐसी घटनाओं(नारनौंद घटना) के आलोक में बदलते परिवेश में किशोरों की आक्रामकता के कारणों का मंथन करने की आवश्यकता महत्ती है। बहरहाल, गुरू ग्राम की घटना के संदर्भ में राधिका के पिता ने बेटी को तब गोली मारी, जब वह रसोई बना रही थी, तथा उस दिन उसकी मां का जन्मदिन भी था।इस संदर्भ में जांच-पड़ताल लगातार जारी है, तथा पुलिस हर कोण से पूछताछ कर रही है। पिता ने हत्या की बात कुबूल ली है और उसके शुरुआती जवाब से यही लगता है कि कथित सम्मान के नाम पर हत्या हुई है। राधिका 'वर्सेटाइल जीनियस'(बहुआयामी प्रतिभा) थी और जाहिर है, उसे जीनियस बनाने में उसके पिता का बड़ा हाथ था। ऐसे में यहां सवाल यह उठता है कि क्या राधिका के पिता से राधिका की ख्याति, तरक्की और उसकी आत्मनिर्भरता देखी नहीं गई ? राधिका अपनी टेनिस अकादमी के अलावा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनकर सोशल मीडिया से भी कमाई कर रही थी। वह अपने पिता या परिवार पर किसी भी तरह से बोझ नहीं थी, तो फिर आखिर क्यों उसका पिता ही अपनी ही बेटी का दुश्मन हो गया ?अगर पिता ने यह बताया है कि लोग उसे बेटी की कमाई खाने वाला बताकर अपमानित करते थे, तो यह बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय बात है। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि आज बेटियाँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं और वे बोझ नहीं हैं बल्कि हमारे समाज, हमारे देश का अभिमान हैं। यह बहुत ही दुखद है कि आज भी बेटियों को समाज में बेटों के समान स्थान प्राप्त नहीं है। हमें जरूरत इस बात की है कि हम समाज की बेटियों के प्रति इस मानसिक सोच को बदलें, इसमें परिवर्तन लाएं। इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि आज के इस आधुनिक युग में भी बेटियों को कमतर आंकने वालों या पराया धन मानने वालों की कमी नहीं है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि हम महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत रूप से सशक्त बनाने की दिशा में काम करें, ताकि वे जीवन में अपने लक्ष्यों, उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें और आगे बढ़ सकें। वास्तव में, इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर और राजनीतिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए समान अवसर और अधिकार सुनिश्चित करना शामिल है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारे समाज में नये बदलावों को स्वीकार करें और अपनी युवा पीढ़ी के साथ सामंजस्य बिठाते हुए आगे बढ़ें।

## सम्पादकीय

# आर्क थेरेपी मुश्किल कैंसर को हरा देती है पास के ऊतक को बख्शते हुए

विजय गर्ग

अमेरिका में विशेषज्ञों का एटम है पहली बार किसी मरीज के एडेनॉइड सिस्टिक कार्सिनोमा को टोबट्रीट करने के लिए स्टेप-एंड-शूट स्पॉट-स्कैनिंग प्रोटॉन आर्क थेरेपी नामक तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया। एसपीआर्क सुर बख्शते समय प्रोटॉन के साथ ट्यूमर को लक्षित करके काम करता है गोल ऊतक। कोरवेल हेल्थ विलियम ब्यूमोंट यूनिवर्सिटी अस्पताल में टीम के निष्कर्ष थे इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पार्टिकल थेरेपी के जून 2025 अंक में प्रकाशित। टीम ने तीन तकनीकों के परिणामों की तुलना की। एसएफउ-आईएमपीटी(देखभाल का वर्तमान मानक), चरण- और शूट एसपीआर्क, और पूरी तरह से गतिशील एसपीआर्क (कंप्यूटर के साथ नकली)। एसपीआर्क के तरीकों ने ब्रेनस्टेम (10% तक), ऑप्टिकल चियास्म (56%), मौखिक गुहा को वितरित विकिरण को कम कर दिया (72%), और पर रीढ़ की हड्डी की नहर (90%)। प्रमुख एसएफउ- आईएमपीटी सलाहकार, हेड एंड नेक सर्जिकल नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, "यह निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है बेंगलुरु के एस्टर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी में ऑन्कोलॉजी ने कहा। "सिर और गर्दन के ट्यूमर में, जोखिम में अंगों को खुराक वितरण सीमित करना उपचार योजना का एक प्रमुख विचार है। जब ये अंग प्राप्त होते हैं विकिरण की उच्च खुराक से वे बर्दाश्त कर सकते हैं, वे अपूरणीय से गुजरते हैं क्षति जबकि पूरी तरह से गतिशील एसपीआर्क बेहतर प्रदर्शन किया, दो चाप शैलियों के बीच अंतर छोटा था, टीम ने लिखा। गतिशील एसपीआर्क में, खुराक की ऊर्जा और वितरण का बिंदु है लगातार समायोजित किया जाता है, जबकि चरण-और-शूट में थीमाचिन एक पूर्व-प्रोग्राम पैटर्न का अनुसरण करता है। शोधकर्ताओं ने लिखा है कि गतिशील एसपीआर्क अभी भी विकास के अधीन है और मौजूदा ऑन्कोलॉजी सूचना प्रणालियों के साथ नियामक निकासी और एकीकरण की प्रतीक्षा कर रहा है। स्टेप-एंड-शूट एसपीआर्क प्राप्त करने वाला पहला व्यक्ति 46 वर्षीय महिला थी जिसका पैरोटिड-ग्रंथि कैंसर उसके चेहरे की तंत्रिका के साथ फैल गया था उसकी खोपड़ी का आधार। जून-अगस्त 2024 में, टीम ने कहा कि उसने चरण-और-शूट एसपीआर्क के साथ 33 सत्र पूरे किए। इस दौरान महिला को कथित तौर पर त्वचा में जलन और कोई समस्या नहीं थी खाना या काम जारी रखना। अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के अनुसार, सिर और गर्दन के कैंसर के लिए विकिरण चिकित्सा के पारंपरिक दुष्प्रभावों में थकान, मतली, निगलने में परेशानी आदि शामिल हैं। डॉ. सुब्रमण्यम ने कहा प्रौद्योगिकी "ट्यूमर में मूल्यवान होने की संभावना है जो खोपड़ी के आधार जैसे शारीरिक रूप से जटिल क्षेत्रों में स्थित हैं ... जहां खुराक वितरण को आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कम बिखराव के साथ सटीक होना चाहिए। यह बड़े या व्यापक ट्यूमर में मूल्यवान होने की भी संभावना है, जहां ट्यूमर को आसपास के ऊतकों को सीमित संपार्श्विक क्षति के साथ सटीक रूप से लक्षित किया जा सकता है उपचार प्रोटोकॉल में एक कंप्यूटर प्रोग्राम शामिल था जो सभी संभावित स्थानों के माध्यम से स्कैन किया गया था और ऊर्जा परतें जहां प्रोटॉन बीम वितरित किए जा सकते हैं। एक ऊर्जा परत ऊतक का एक टुकड़ा है जो एक विशिष्ट के प्रोटॉन बीम प्राप्त करता है ऊर्जा। ऊर्जा बीम की सीमा निर्धारित करती है यह कितनी दूर तक पाई करने में सक्षम है ऊतक को ट्रेट करें। जब मशीन एक ऊर्जा स्तर को ठीक करती है, तो इसकी स्कैनिंग नोजल दर्जनों उपयुक्त स्थानों को स्वीप करती है और उस ऊर्जा परत में विकिरण खुराक जमा करती है। फिर मशीन अगले ऊर्जा स्तर पर स्विच करती है और प्रक्रिया को दोहराती है, इस बार थोड़ी अधिक रेंज के साथ एक बीम वितरित करती है। इस तरह से पूरा ट्यूमर 'चित्रित' है विकिरण। प्रत्येक सत्र में, एक बार महिला स्थिति में थी, टीम ने एक शंकु-बीम का प्रदर्शन किया जिसकी गणना फोटोग्राफी (सीबीसीटी) स्कैन से की गई थी। एक मशीन लर्निंग मॉडल ने सीबीसीटी डेटा को एक सिंथेटिक सीटी में बदल दिया, जिसके साथ टीम वितरित की जाने वाली खुराक को ट्रैक कर सकती है। पहले दो हफ्तों में, सिंथेटिक सीटी से पता चला कि महिला का वजन कम हो गया था और ट्यूमर की खुराक कोव इस प्रकार एरेज 3-5% फिसल गया था। टीम ने 13 वें दिन से इसके लिए समायोजित किया। गैन्ट्री को नौ बीम कोणों के लिए स्थापित किया गया था जो महिला के चारों ओर 180श चाप को कवर करते हैं। यह डिलीवर की गई खुराक, 20श चला गया, दूसरा दिया, 20श चला गया, तीसरा दिया, और इसी तरह। पेपर में कहा गया है कि प्रत्येक सत्र में 15-18 मिनट और उपचार हुआ निकट निरंतर विकिरण वितरण से लाभान्वित। एसएफउ- आईएमपीटी और (नकली) गतिशील एसपीआर्क विधियों ने एक ही लक्ष्य योजना का उपयोग किया और था एक ही लक्ष्य 33 दैनिक उपचारों में एक निश्चित कुल खुराक प्रदान करें और प्रो सुनिश्चित करें टन रेंज 3.5% से अधिक बंद नहीं है। "बहुत सटीक रेडियोथेरेपी वितरण के साथ, चिंता यह है कि छोटे ट्यूमर को याद किया जा सकता है, जिसे भौगोलिक कहा जाता है याद आती है, सांस लेने के रूप में सूक्ष्म के रूप में आंदोलनों अपनी स्थिति बदल सकते हैं, और वे आकार में सिकुड़ सकते हैं इलाज और परिणाम के दौरान अवर कैंसर इलाज दर, "डॉ. सुब्रा ने कहा। "एक और महत्वपूर्ण चिंता लागत है, "उन्होंने कहा। ये प्रौद्योगिकियां बहुत महंगी हैं और अक्सर एक छोटी रोगी आबादी के लिए उपयुक्त हैं। इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ होता है और यह जोखिम कि इसका उपयोग उन स्थितियों में किया जा सकता है जहां यह इंगित नहीं किया गया है।

# "गिरते पुल, ढहती ज़िम्मेदारियाँ

## बुनियादी ढांचे की सड़न और सुधार की ज़रूरत"

वडोदरा में पुल गिरना कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि भारत के जर्जर होते बुनियादी ढांचे की डरावनी सच्चाई है। पुरानी संरचनाएं, घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और निरीक्षण की अनुपस्थिति – यह सब मौत को दावत दे रहा है। राजनीतिक घोषणाएं तो बहुत होती हैं, लेकिन टिकाऊ निर्माण और जवाबदेही की योजनाएँ नदारद हैं। अब वक़्त है कि सरकार केवल निर्माण नहीं, निरीक्षण और संरक्षण को भी प्राथमिकता दे। वरना पुल ही नहीं, जनता का भरोसा भी बार-बार ढहेगा। विकास सिर्फ रफ्तार नहीं, मज़बूत नींव और ज़िम्मेदारी मांगता है – जो अभी बहुत कमज़ोर है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

वडोदरा में 40 साल पुराने पुल का हालिया ढहना न केवल एक स्थानीय त्रासदी है, बल्कि यह पूरे भारत के बुनियादी ढांचे की बिखरती हकीकत की नुमाइश है। ऐसे हादसे अब चौंकाते नहीं, बल्कि लगातार दोहराए जाने वाले "सिस्टम फेल्योर" के आदतन प्रमाण बन चुके हैं। हर बार हादसे के बाद वही रटे-रटाए बयान, वही दिखावटी जांच कमेटी, और फिर वही खामोशी – जब तक अगला पुल न गिर जाए।

भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा?

भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई। 2018 में वाराणसी में एक पुल का हिस्सा ढहने से कई लोग मारे गए। 2022 में गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज गिरने से 130 से अधिक लोग मारे गए। और अब 2024 में वडोदरा में पुल गिरा। इससे पहले बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और असम में भी पुल ढहने की घटनाएं हुई हैं।

इन हादसों का पैटर्न स्पष्ट है – पुरानी संरचना, घटिया निर्माण सामग्री, लचर निरीक्षण व्यवस्था और पूरी तरह से अनुपस्थित जवाबदेही।

भारत के अधिकांश पुल, इमारतें और सार्वजनिक संरचनाएं 30 से 60 साल पहले बनी थीं। उस समय न तो जलवायु परिवर्तन की मार इतनी तीव्र थी, न ही ट्रैफिक और जनसंख्या का भार इतना अधिक। परंतु इन्हें कभी समय रहते मरम्मत नहीं मिली। "बन गया तो बन गया" की मानसिकता ने इन ढांचों को धीरे-धीरे मौत के कुएं में बदल दिया।

टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को ठेका देना, फिर उसी ठेकेदार का बजट काटना, सस्ती सामग्री का उपयोग करना – यह सब इतना आम हो चुका है कि हम इसे भ्रष्टाचार मानना ही भूल गए हैं। यह एक संस्थागत भ्रष्टाचार है जिसमें प्रशासन, ठेकेदार और कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं।

क्या कभी आपने किसी पुल के पास बोर्ड देखा है जिस पर लिखा हो – "यह पुल अंतिम बार कब जांचा गया था?" शायद ही कभी। कारण स्पष्ट है – निरीक्षण नाम की प्रक्रिया कागजों में सिमट चुकी है। टेक्नोलॉजी का युग होने के बावजूद भारत के पास कोई केंद्रीकृत पुल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में असामान्य बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और भूकंप जैसी घटनाओं में तेजी आई है। लेकिन हमारे अधिकांश ढांचों का डिज़ाइन इन नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं हुआ था। कमजोर नींव, जल निकासी की खराब व्यवस्था और भूस्खलन की अनदेखी इसका परिणाम है।

भारत में बुनियादी ढांचे को राजनीतिक स्टंट के रूप में तो खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक मजबूती की कोई गंभीर योजना शायद ही कहीं देखी जाती है। "फिट फॉर फोटो" परियोजनाएं बनती हैं, जो जल्दी ढह भी जाती हैं।

हर साल सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर पर हजारों करोड़ का बजट पास करती हैं। पुल निर्माण, सड़क विस्तार, शहरी आवास योजना जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश होता है। लेकिन यह बजट वास्तव में कहाँ जाता है? यदि पुल गिर रहा है तो इसका मतलब है कि या तो बजट जमीनी स्तर तक पहुँचा ही नहीं, या उसका दुरुपयोग हुआ।

भारत में अब विकास की चर्चा अर्थव्यवस्था की रफ्तार से नहीं, गिरने वाले पुलों की संख्या से होनी चाहिए।

अगर हमें भारत को सुरक्षित, सतत और सशक्त बनाना है तो हमें बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी ही होगी।

बीस साल से अधिक पुराने सभी पुलों, इमारतों, फ्लाईओवर आदि का हर तीन वर्ष में एक बार स्वतंत्र संरचनात्मक परीक्षण अनिवार्य किया जाए। इसके निष्कर्ष सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हों।

एक स्वतंत्र राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा निरीक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए जो केवल निरीक्षण, रेटिंग और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हो। इसकी रिपोर्ट सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त हो।

पुलों में कंपन, भार, तापमान आदि की निगरानी के लिए सेंसर लगाए जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली किसी भी अनियमितता पर तुरंत चेतावनी दे सकती है।

अब समय है कि टेंडर प्रणाली को केवल न्यूनतम बोली पर आधारित होने से रोका जाए। गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और पूर्व प्रदर्शन के आधार पर निर्माण एजेंसियों का चयन होना चाहिए।

स्थानीय निकायों को छोटे ढांचों की निगरानी में भागीदार बनाया जाए। ग्रामीण और शहरी स्तर पर नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे संभावित जोखिम की जानकारी समय रहते दे सकें।

हर संरचना को जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया जाए। भारतीय मानक ब्यूरो और सड़क विकास परिषद जैसे संस्थानों के मानकों को सख्ती से लागू किया जाए।

जहां सरकार की नीयत कमजोर होती है, वहाँ मीडिया और नागरिक समाज की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पुल गिरने के बाद कवरेज तो होता है, पर क्या हमने कभी उस निर्माण एजेंसी का नाम याद रखा? क्या किसी ठेकेदार पर आपराधिक मामला दर्ज हुआ?

आरटीआई कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों को साथ लाकर एक जन-जवाबदेही मॉडल बनाना ज़रूरी है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और विकास की होड़ में भारत कहीं सुरक्षा और स्थिरता को नजरअंदाज कर रहा है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है – क्या हम केवल पुल बना रहे हैं या विश्वास के पुल भी बना रहे हैं? क्योंकि जब कोई पुल गिरता है तो सिर्फ कंक्रीट नहीं टूटता, जनता का प्रशासन पर से विश्वास भी चकनाचूर हो जाता है। भारत का भविष्य शानदार हो सकता है, लेकिन उसके लिए नींव का मजबूत होना जरूरी है। वडोदरा का पुल गिरा है, कल कहीं और गिरेगा – अगर हमने अपनी दृष्टि और नीति नहीं बदली। हमें प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय बुनियादी ढांचा नीति की ओर बढ़ना होगा। नहीं तो हम हर साल पुलों की कब्रगाहें बनाते रहेंगे और नागरिकों की लाशें उठाते रहेंगे। बुनियादी ढांचे को केवल निर्माण की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा के आधार पर देखना होगा। केवल निर्माण नहीं, संरक्षण और सुधार की नीति ही देश को टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाएगी।

# प्रेरणादायक भारतीय पर्यावरणविदों ने ग्रीनर फ्यूचर को आकार दिया

प्रतिष्ठित सूची में ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के कारण के लिए असाधारण समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाई है।

हमारा ग्रह, धरती माता, जीने के लिए एक अद्भुत जगह है, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए इसे हमारी मदद की आवश्यकता है। हर साल प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए दस लाख से अधिक लोग पर्यावरण दिवस में हिस्सा लेते हैं। कूड़े को उठाकर पेड़ लगाने जैसी चीजें करके, हम अपनी दुनिया को जीने के लिए एक खुशहाल और स्वस्थ जगह बना सकते हैं। यह सूची उन भारतीय पर्यावरणविदों को हाइलाइट करती है जो हमारी दुनिया को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। व्यापारिक नेताओं से लेकर कारणों से लड़ने वाले लोगों तक, इन पर्यावरणविदों ने दिखाया है, वे वास्तव में हमारे पर्यावरण और हमारे ग्रह की परवाह करते हैं।

1.। वायरल देसाई,

वायरल देसाई एक प्रसिद्ध उद्योगपति हैं, जिन्होंने पर्यावरण के प्रति अपने प्यार और सभी के लिए एक हरियाली भविष्य बनाने के उद्देश्य से कई प्रयासों के कारण ग्रीनमैन का सोब्रिकेट अर्जित किया है। उन्होंने 6.50 लाख से अधिक पेड़ों के रोपण और वितरण का समर्थन किया है और कई शहरी जंगलों का विकास किया है, लेकिन उनकी सबसे बड़ी सफलता लाखों लोगों को पर्यावरण योद्धा बनने के लिए प्रेरित करने में निहित है। उनके उल्लेखनीय योगदान ने उन्हें राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और विभिन्न अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा के छह बार प्राप्तकर्ता बना दिया है।

2.। विशाल एस। बुधिया, स्टीमहाउस इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

इसके अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में विशाल एस। बुधिया, स्टीमहाउस इंडिया अभिनव और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के चैंपियन में अग्रणी के रूप में उभरा है। स्टीमहाउस पहली भारतीय कंपनी है जो केंद्रीकृत भाप आपूर्ति के लिए समर्पित है, जिससे औद्योगिक इकाइयों को ऊर्जा-कुशल और टिकाऊ समाधान अपनाने में मदद मिलती है और उत्सर्जन में काफी कमी आती है। स्टीमहाउस ने गुजरात के प्रमुख औद्योगिक समूहों में उपस्थिति स्थापित की है और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में प्रभावशाली योगदान दे रहा है। यह औद्योगिक संचालन में हरित प्रथाओं को एकीकृत करने, एक स्थायी भविष्य को बढ़ावा देने के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करता है।

3। सद्गुरु, ईशा फाउंडेशन के संस्थापक

सद्गुरु ने ईशा फाउंडेशन की शुरुआत 1992 में कोयंबटूर, भारत में एक जगह की थी, जहां लोग आध्यात्मिकता और योग के बारे में जान सकते हैं। वह 1982 से योग सिखा रहा है। उनके नेतृत्व में, नींव पूरी दुनिया में कॉन्शियस प्लैनेट नामक परियोजनाएं चलाती है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य लोगों को ग्रह और एक दूसरे के बारे में अधिक जागरूक और देखभाल करना है। वे पर्यावरण, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और समुदायों की मदद करने जैसी बड़ी चीजों पर काम करते हैं।



विजय गर्ग

तीन दशकों के दौरान, उनकी अभिनव पर्यावरण और सामाजिक पहल ने संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय संघ फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर , और विश्व आर्थिक मंच जैसे प्रतिष्ठित संगठनों से अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा प्राप्त की है। ये पहल व्यक्तियों को सशक्त बनाने और विश्व स्तर पर समुदायों को पुनर्जीवित करने के लिए सफल मॉडल के रूप में काम करती हैं।

4। अशोक ठाकुर, श्वरञ्ञ॥ष्ठङ्क:ह्रस्त्ल के भारत सलाहकार और अनुकूलित ऊर्जा समाधान यूरोप के निदेशक

अशोक ठाकुर, श्वरञ्ञ॥ष्ठङ्क:ह्रस्त्ल के भारत सलाहकार और अनुकूलित ऊर्जा समाधान यूरोप में निदेशक, अक्षय ऊर्जा, रसद, फार्मास्यूटिकल्स, और अधिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव समेटे हुए हैं। मीडिया और घटनाओं के उद्योग में प्रसिद्ध, विशेष रूप से जर्मन मीडिया में, वह नए उत्पाद विकास और बाजार प्रविष्टि में उत्कृष्टता प्राप्त करता है। पर्यावरण वकालत के बारे में भावुक, वह सक्रिय रूप से वृक्षारोपण ड्राइव में भाग लेता है और पृथ्वी दिवस नेटवर्क की सलाह देते हुए नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देता है। वह प्रकृति के प्रति स्वस्थ आदतों की भी वकालत कर रहे हैं।

5.। मेनका गांधी, लोकसभा की पूर्व सदस्य

मेनका गांधी वास्तव में जानवरों और प्रकृति की परवाह करती हैं। उन्होंने 1994 में पीपल फॉर एनिमल्स की शुरुआत की, जो भारत में सबसे बड़ा पशु संरक्षण समूह है। गांधी को लगता है कि जानवरों के लिए अच्छा होना और उन्हें चोट नहीं पहुंचाना सुपर महत्वपूर्ण है। यहां तक कि उनका अपना टीवी शो "हेड्स एंड टेल्स" भी था और उन्होंने उसी नाम से एक किताब लिखी थी। अब, वह इंटरनेशनल एनर्जी ग्लोब फाउंडेशन के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यावरणीय विचारों को चुनने का प्रभारी है।

6। जयमल अमीन, रोहन अमीन, और रौनक पोरेचा - लुबी इंडस्ट्रीज एलएलपी के निदेशक

लुबी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, श्री के नेतृत्व में। लुबी इंडस्ट्रीज एलएलपी के निदेशक रौनक पोरेचा ने गुजरात के शिनवाडा में 4 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह दूरदर्शी परियोजना स्थिरता के लिए लुबी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें 21% दक्षता के साथ 7270 मोनो-पीआरसी बाइफेशियल सौर मॉड्यूल हैं। प्रति दिन 22,000 इकाइयों का उत्पादन करते हुए, इसका उद्देश्य लुबी विनिर्माण संयंत्रों को बिजली देना है, जो कार्बन तटस्थता और एक हरियाली भविष्य के लिए समूह की प्रतिज्ञा के साथ संरेखित है।

7.। सुनीता नारायण, भारतीय पर्यावरणविद् और राजनीतिक कार्यकर्ता

सुनीता नारायण 1982 से विज्ञान और पर्यावरण केंद्र में हैं, अब इसके बॉस के रूप में। वह प्रकृति के लिए एक बड़ी आवाज है और 2005 में एक शीर्ष भारतीय पुरस्कार मिला। उन्होंने एक जगह से गायब होने के बाद बाघों को बचाने के लिए एक समूह का नेतृत्व किया जिसका नाम सरिस्का है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और नदियों की सफाई के साथ सरकार की भी मदद की है।

उन्होंने अतीत में महत्वपूर्ण रिपोर्ट लिखी, भारत के पर्यावरण के बारे में बात की और गांवों को हरियाली कैसे बनाई जाए। 2012 में उनकी नवीनतम रिपोर्ट भारतीय शहरों में पानी और प्रदूषण के बारे में थी।

8। राजेंद्र सिंह, भारतीय संरक्षणवादी और पर्यावरणविद्

राजेंद्र सिंह भारत के राजस्थान के एक प्रसिद्ध पर्यावरणविद् हैं, जिन्हें "भारत का वाटरमैन" कहा जाता है समुदायों को बचाने और पानी का बेहतर उपयोग करने में मदद करने के लिए उन्हें 2001 में एक बड़ा पुरस्कार मिला।

9। नित्या एनसेफ के निदेशक ईशान शाह

ईशान शाह एक जल विशेषज्ञ और सूरत स्थित नित्या एनसेफ के निदेशक हैं, जो अपशिष्ट जल रीसाइक्लिंग और अन्य पर्यावरणीय सेवाओं के अग्रणी प्रदाता हैं। उन्होंने पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए स्थायी विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से 2014 में कंपनी की स्थापना की। इन वर्षों में, नित्या एनसेफ ने दर्जनों परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है, जिससे पर्यावरण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। श्री शाह निरंतर सीखने में विश्वास रखते हैं और विभिन्न मंचों पर बोलकर अपने ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करते हैं।

10। मेधा पाटकर, राजनेता और कार्यकर्ता

1954 में मुंबई में पैदा हुई मेधा पाटकर प्रकृति की रक्षा और लोगों के अधिकारों की लड़ाई के लिए मशहूर हैं. वह ज्यादातर नर्मदा बचाओ आंदोलन में अपने काम के लिए और पंजाब में सतलज नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू करने के लिए जानी जाती हैं। पाटकर को लगता है कि ये नदियां हमारी माताओं की तरह हैं और उन्हें सुरक्षित रखा जाना चाहिए। वह जीने और काम करने के अधिकार जैसे बुनियादी अधिकारों के लिए लड़ती है, जिसकी गारंटी भारत के कानूनों से मिलती है।

## पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने की पदयात्रा, पढ़ा हनुमान चालीसा, सरकार को दी सद्बुद्धि की प्रार्थना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह ने शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक मित्रों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए अपने निवास स्थान से सिविल लाइन स्थित पेट्रोल पंप बालाजी मंदिर तक पदयात्रा की। इस पदयात्रा के माध्यम से उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मित्रों के हितों की अनदेखी पर नाराजगी जाहिर की। बालाजी मंदिर पहुंचकर उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार को जमीनी स्तर पर काम करने वाले इलेक्ट्रॉनिक मित्रों की आवाज सुननी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। इस दौरान उनके साथ कई समर्थक भी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार के खिलाफ नाराज़गी जताई।

## श्रीचंद चौधरी श्रीगंगानगर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**श्रीगंगानगर(निसं.)** श्रीगंगानगर भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह द्वारा घोषित की गई जिला कार्यकारिणी में एक बार फिर से श्रीचंद चौधरी को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। ज्ञात रहे कि पिछले 5 साल से वे लगातार इसी पद पर काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह द्वारा उनकी कर्तव्यनिष्ठा और कार्यप्रणाली को देखकर ही उन्हें दोबारा इस पद पर नियुक्त किया गया है। 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में जिला मीडिया संयोजक के नाते श्रीचंद चौधरी ने उल्लेखनीय काम किया था । अपनी इस नियुक्ति के लिए श्रीचंद चौधरी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, श्रीगंगानगर भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह सहित समस्त प्रदेश व जिला नेतृत्व का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि वे प्रदेश और जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने का यथा संभव प्रयास करेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जयपुर ग्रेटर को मिलेगा मिनिस्टीरियल कैटेगरी में पुरस्कार

### महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर करेंगी नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर ग्रेटर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मिनिस्टीरियल कैटेगरी में पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए निगम को प्राप्त हो रहा हैं स्वच्छ सर्वेक्षण दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण है, और इस पुरस्कार को प्राप्त करना जयपुर के लिए गौरव की बात है। महापौर डॉ. सौम्या आगामी 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कार समारोह में जयपुर ग्रेटर का प्रतिनिधित्व करेंगी और यह (मंत्री स्तरीय) पुरस्कार प्राप्त करेंगी। इस अवसर पर डॉ.सौम्या ने कहा, "यह पुरस्कार जयपुरवासियों, सफाई मित्रों और नगर निगम टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम जयपुर को और भी स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर बनाएं। पिछली रैंकिंग से लेकर इस सम्मान तक का सफर एक असाधारण छलांग है, और यह साबित करता है कि अगर संकल्प हो तो कुछ भी असंभव नहीं। हमारा लक्ष्य है कि अगले वर्ष जयपुर देश के नंबर वन स्वच्छ शहर बनेगा।

## संगठन की मजबूती के लिए करेंगे कामः हाटवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर की कार्यकारिणी के विस्तार में मालेरा (जाटावाली) निवासी प्रकाश हाटवाल को कार्यालय सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में मनोनयन के लिए संगठन के पदाधिकारियों सहित हाटवाल ने भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक चोमू रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हाटवाल ने कहा कि संगठन ही कार्यकर्ता का सबसे बड़ा पुरस्कार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। हटवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। जैसे ही उनकी नियुक्ति की घोषणा हुई, उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। गौरतलब है कि हाटवाल पहले भी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में एसटी मोर्चा के प्रदेश मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इसके अलावा वे बांसा मंडल में युवा मोर्चा और मंडल कार्यकारिणी में महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व संभाल चुके हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर बड़ा खेल, जब महिलाओं के खातों से उड़ने लगी रकम तब खुला राज

### एक साल बाद चढ़ा शातिर कुचामन पुलिस के हे

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)** जिले की कुचामन सिटी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए करीब एक साल से फरार चल रहे आरोपी पेफराज को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने समूह लोन दिलवाने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से धोखाधड़ी करते हुए उनके खातों से बड़ी रकम हड़प ली थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बायोमैट्रिक मशीन और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद खारिया व कुचामन वृताधिकारी अरविंद विश्नोई के मार्गदर्शन में कुचामन थानाधिकारी सतपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

### धोखाधड़ी का तरीका

घटना का खुलासा तब हुआ जब 21 मई 2024 को पीड़िता रजिया बानो पत्नी फरीद अली, निवासी भांवता ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत फाइनेंस लिमिटेड की कुचामन सिटी शाखा द्वारा समूह लोन दिलवाने का झांसा देकर पेफराज नामक युवक ने गांव की महिलाओं से आधार कार्ड व दस्तावेज लेकर उनका लोन पास करवा दिया। बाद में पेफराज ने उक्त महिलाओं के खातों से धोखाधड़ी पूर्वक राशि निकाल ली। फरियादी ने बताया कि पेफराज ने भांवता की 17 महिलाओं के नाम से लोन पास करवा कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की. लोन की राशि निकालने के लिए आरोपी ने बायोमैट्रिक मशीन का उपयोग किया। रिपोर्ट के आधार पर थाना कुचामन में आईपीसी की धारा 420 व 406 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### गिरफ्तारी और पूछताछ

गंभीरता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने लगातार निगरानी और सूचनाओं के आधार पर 10 जुलाई 2025 को आरोपी पेफराज पुत्र चिरंजी लाल, उम्र 35 वर्ष, निवासी भावता, थाना कुचामनसिटी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने महिलाओं से की गई धोखाधड़ी को स्वीकार किया है और मामले में गहन जांच जारी है।

### जब्ती व बरामदगी

पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त बायोमैट्रिक मशीन और मोबाइल फोन को बरामद किया है, जिसका उपयोग आरोपी ने महिलाओं के खातों से राशि निकालने के लिए किया था।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस कार्रवाई को अंजाम देने में कुचामन थाना पुलिस की टीम में फजल खां, बनवारी लाल, केसाराम, कमलेश कुमार, छोटूलाल, जितेन्द्र और गिरवर कंवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने सतर्कता और योजना के साथ आरोपी को ट्रैक कर गिरफ्तार किया। डीडवाना-कुचामन पुलिस ने इस कार्रवाई के जरिए यह संदेश दिया है कि महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाने और धोखेबाजों को कानून के शिकंजे में लाने की दिशा में यह एक अहम सफलता ह।

# समाज सेवी एवं जीव दया प्रेमी नरेश जैन कुचामन सिटी कबीर कोहिनूर अवार्ड 2025 से सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**कुचामन सिटी(निसं.)** अखिल भारतीय कबीर मठ, बड़ी खाटु नागौर के द्वारा कबीर कोहिनूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक संत श्री नानक दास जी महाराज बताया कि यह सम्मान संत कबीर के नाम पर दिया जाता है, यह सम्मान निस्वार्थ सेवा करने वाले विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता, सामाजिक सेवा, चिकित्सा एवं कला में उत्कृष्ट योगदान के लिये पूरे भारतवर्ष से 100 व्यक्तियों को प्रति वर्ष दिया जाता है। व्यवस्थापक श्री ताराचंद बुगालिया ने बताया कि सतगुरु कबीर साहब की 628 वी जयंती पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत सद्गुरु कबीर भजन संध्या का आयोजन दिनाँक 10 जुलाई 2025 को रात्री 8 बजे से 12 बजे तक किया गया। कबीर कोहिनूर सम्मान समारोह एवं विश्व शांति संत कबीर कीर्ति स्तंभ ,शिलान्यास कार्यक्रम 11 जुलाई 2025 को नागौर के बड़ी खाटु में सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष महंत भारत भूषण डॉ नानक दास, दिल्ली से आए जैन धर्म गुरु विवेक गुरु, आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत डॉ रूप चंद दास,भारतीय बौद्ध धर्म समिति उत्तरप्रदेश के उपाध्यक्ष प्रज्ञा सागर के सानिध्य में मुख्य अतिथि भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटीया,विशिष्ट अतिथि रेल्वे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र रत्न, श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय ,अध्यक्ष डॉ मनिंदर जैन, हरियाणा कुरु क्षेत्र के स्वामी सम्पूर्ण नंद जी महाराज एवं देश के कोने कोने से पहुचे राष्ट्रीय स्तर के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित विभूतियों ने संयुक्त रूप से इस वर्ष के कोहिनूर समाज सेवा एवं जीव दया क्षेत्र मे अतुलनीय योगदान के लिये श्री नरेश जैन कुचामन सिटी को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह देकर कबीर कोहिनूर सम्मान से नवाजा गया।

# उपखंड अधिकारी ने जन्मदिन के उपलक्ष में मोक्ष धाम में किया वृक्षारोपण

### उपखंड अधिकारी के जन्मदिन पर ग्रामीणों ने मोक्ष धाम में 501 पेड़ लगाने की शपथ ली

जयपुर टाइम्स



**नांवासिटी(निसं.)।** उपखंड अधिकारी नांवा जीतू कुल्हरी ने मारोठ कस्बे के मोक्ष धाम परिसर में एक अनोखी मिसाल पेश की अपने जन्म दिन के उपलक्ष में हरियालो राजस्थान के तहत व एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु वृक्षारोपण किया समाज सेवी आर के माली ने उपखंड अधिकारी को साफा - पहनाकर शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और जन्म दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की उपखंड अधिकारी ने कस्बे के विभिन्न मार्गो व मंदिरों का अवलोकन किया ग्रामीणों के विशेष आग्रह पर कस्बे की अरावली की पहाड़ियों में मारोठ में स्थित जीणमाता मंदिर के दर्शन कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और माताजी मंदिर के परिसर में सैकड़ो वर्षों से बने हुए अद्भुत कुंड को देखकर के प्रसन्नता व्यक्त की और इतिहास के बारे में जानकारी हासिल की ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को बताया कि शिव घमटी से जीणमाता मंदिर तक रोड जज्जर व टूटी-फुटी होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस पर उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को रोड का प्रपोजल तैयार करने को कहा और जल्द ही रोड की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया । इस दौरान समाज सेवी आर के माली, अरुण कुमार गौड़, लोकेश सोनी ,फूलचंद गोठवाल ,भागीरथ मेघवाल, राजेश प्रजापत, श्रीराम जोशी सहित कस्बे के युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# गोपाल शरण जी महाराज ने किया 'स्वस्थ जयपुर, ग्रीन जयपुर, प्रदूषण मुक्त जयपुर' अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को समर्पित अभियान 'स्वस्थ जयपुर, ग्रीन जयपुर, प्रदूषण मुक्त जयपुर' का आज भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टैच्यू सर्किल पर परम पूज्य श्री गोपाल शरण जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह आयोजन स्टार सोशल ग्रुप और स्टार हॉस्पिटल की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी, डॉक्टर, नागरिक और पर्यावरण प्रेमी जुटे। कार्यक्रम में पर्यावरण परिक्रमा निकाली गई और उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. राकेश केदावत की ओर से आमजन को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। महाराज श्री को 'जयपुर रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने पूरे समाज की प्रेरणा बताया। उन्होंने डॉ. राकेश केदावत के सेवाभावी कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण बचाने के लिए संकल्प लें और अधिकाधिक पौधारोपण करें। कार्यक्रम में दिनेश गुप्ता सहित कई प्रबुद्धजन, समाजसेवी, महिला-पुरुष सुबह से ही स्टैच्यू सर्किल पर एकत्र होना शुरू हो गए थे। यह जनसमूह एक प्रेरणादायक कारवां बन गया जिसने जयपुर को एक स्वस्थ, हरित और प्रदूषण मुक्त शहर बनाने का संकल्प दोहराया। महाराज श्री के पावन सानिध्य और प्रेरणा से यह आयोजन न सिर्फ पर्यावरण चेतना का प्रतीक बना, बल्कि जनसहभागिता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## हीरादेसर में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष बनने पर चोटिया का आत्मीय स्वागत



जयपुर टाइम्स

**हीरादेसर(जोधपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद श्री चोटिया के प्रथम बार हिरादेसर आगमन पर ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बुधाराम गोदारा ने कहा कि यह हमारे गांव के लिए गौरव का क्षण है कि चोटिया जैसे कर्मठ कार्यकर्ता को जिला नेतृत्व में स्थान मिला है। कार्यक्रम में पूरा रामजी सारण, धनराम जी सोऊ, हरिरामजी जाजड़ा, ओम जी सोऊ, महावीर जोशी, राधेश्याम जोशी एवं नेमीचंद जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चोटिया ने सभी ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी और समाज की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

## लोकतंत्र सेनानी दर्जा दिलाने की मांग को लेकर विहिप प्रतिनिधिमंडल ने की महंत बालमुकुंदाचार्य से भेंट



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हाथोज धाम पहुंचकर विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य एवं विधायक महंत बालमुकुंदाचार्य से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चिड़ावा निवासी धर्मप्रसार प्रांत पदाधिकारी सुभाष व्यास को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिलाने की मांग रखी। बताया गया कि कॉलेज विद्यार्थी रहते हुए सुभाष व्यास ने आपातकाल का साहसपूर्वक विरोध किया और गिरफ्तारी दी। उन्होंने पुलिस की यातनाएं सहते हुए भी अपने साथियों के नाम उजागर नहीं किए, जो रात के अंधेरे में पर्चे बांटकर जनता को जागरूक करते थे। महंत बालमुकुंदाचार्य ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर यह मांग रखेंगे, ताकि व्यास को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा और सम्मान मिल सके।

## रुपपुरा गांव के राजकीय विद्यालय मैदान में 300 पौधों का सरपंच द्वारा पौधारौपण आयोजन




**कुचामन सिटी(निसं.)** शहर के नजदीक गांव रुपपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रुपपुरा में खनिज अभियंता मकराना ललित मंगल की प्रेरणा से ग्राम पंचायत रुपपुरा की संरपच सुरज्ञान कंवर, मनोहरसिंह रुपपुरा के द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सुरेन्द्रसिंह, प्रार्धानाचार्य मंगेष कंवर मय स्टाफ, कार्यालय खनि अभियंता से सुखराम भींचर, दामोदरलाल व सदीक मोहम्मद एंव ग्रामवासियों की उपस्थिति में विद्यालय मैदान में कुल 300 पौधारौपण कार्य किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत रुपपुरा की चारागाह भूमि में कुल 1800 पौधे लगाये जाने का कार्य भी प्रारम्भ किया गया, खनि अभियंता मकराना ने पौधारोपण हेतु ग्रामिणों को धन्यवाद दिया।

## मनरेगा योजना के कार्य समय में 16 जुलाई से बदलाव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी का टाईम सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक 1 घंटे विश्राम सहित होगा कार्य, कोई श्रमिक समूह निर्धारित टास्क को समय से पूर्व पूरा कर लेता है।तो वे एनएम एमएस की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार दूसरी पारी की हाजिरी अंकन के पश्चात दोपहर 2 बजे के बाद कार्य स्थल छोड़ सकते हैं।माप मेट द्वारा मस्टर रोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाई जाएगी। समूह प्रमुख के हस्ताक्षर के बाद ही श्रमिक को कार्य स्थल छोड़ने की अनुमति होगी।

## महाविद्यालय की प्रवेश शुरू जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाई

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 11 जुलाई 2025 के निर्देशानुसार अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। वहीं प्राचार्य सरिता जैन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय चाकसू व कन्या महाविद्यालय कोटखावदा में बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई मित्र पर शुल्क जमा करवाने के अंतिम तिथि 11 जुलाई से बढ़ाकर आगामी 16 जुलाई कर दी गई है। सभी विद्यार्थी समय पर दस्तावेज सत्यापन व शुल्क जमा करवाएं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
13 जुलाई, 2025

## बाय के बावड़ी बालाजी मंदिर में भंडारे का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम बाय में दांता रोड़ पर स्थित श्री बावड़ी के बालाजी मंदिर में हवन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। पूज्य संत श्री मदन महाराज जगतगुरु के शिष्य गीगराज महाराज के सानिध्य में मंदिर में हवन और आरती के बाद कन्याभोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की पूर्व संध्या पर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे गायक कलाकार बंशीधर योगी ने अपनी प्रस्तुति दी। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर विनोद भारती ने बताया कि श्री बावड़ी बालाजी में पिछले कई वर्षों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जागरण और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अटल शर्मा, रामेश्वर पुनिया, योगेश शर्मा, हजारी लाल कुमावत, गौरीशंकर शर्मा, हरीश योगी, मुकेश कुमावत, कैलाश हरितवाल, सरपंच मुकेश चौधरी, महिपाल सिंह, सुभाष कुशलाका, हलवाई रामस्वरुप शर्मा, गोपाल जांगिड़, हीरालाल दायमा, राजकुमार दमोलिया, महेश कुमार,सोहन लाल बागड़ी, ताराचंद सोनी, दुर्गा प्रसाद सोनी, मखनलाल शर्मा, पूरणमल वर्मा, हीरा लाल जाट, खाटू श्याम मन्दिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह, सुरेश तिवारी के साथ क्षेत्र के अनेक भक्तों ने अपनी सेवाएं दी।

## भैंरुजी मंदिर दांता में गुबंज, कलश स्थापना, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** दांता कस्बे में स्थित प्राचीन भेरूजी मंदिर के गुंबज पर कलश स्थापना और धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर कस्बे में विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली गई और विधिवत रूप से मंदिर के गुंबज पर कलश की स्थापना की गई। जानकारी अनुसार श्रद्धालु ताराचंद नागा कुमावत ने बागवाली बगीची के पास स्थित प्राचीन भेरूजी मंदिर के शिखर के गुंबज का निर्माण किया और शनिवार को कलश की स्थापना की गई। इससे पूर्व सुबह खाटूश्यामजी रोड़ पर स्थित मालियों की ढ़ाणी से बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई प्राचीन भेरूजी मंदिर पहुंची। इसके बाद पूजा अर्चना और हवन यज्ञ अनुष्ठान करने के पश्चात विधिवत रूप से मंदिर के गुंबज पर कलश स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में आए श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश कुमावत, रामेश्वरलाल नागा, बोदूराम नागा, दुलीचंद सैनी, जगदीश टांक, महावीर नागा, बाबूलाल सैनी, सहित अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृति पर व्याख्याता को दी विदाई



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** दांता के निकटवर्ती गांव घाटवा के पूरण मल जोरम व्याख्याता का सेवानिवृत्त पर विदाई व अभिनन्दन सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार पूरण मल जोरम व्याख्याता, पीएमश्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल दांता से व्याख्याता के पद से सेवानिवृत्त हुए। व्याख्याता पूरण मल जोरम के सेवानिवृत्त होने पर पीएमश्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल दांता के सभी स्टाफ, शिक्षाविद् व लोगों ने माला व साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर भावपूर्ण विदाई दी। लोगों ने भी माला व साफा पहनाकर विदाई दी। स्कूल से उनके घर तक डीजे के साथ घाटवा पहुंचे। यहां पर भी स्थानीय लोगों सहित मेहमानों, शिक्षा विभाग, पत्रकारों सहित कई लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर माला व साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## चिकित्सा शिविर में 300 मरीज लाभान्वित

जयपुर टाइम्स



**मूंडरू(निस)।** कस्बे के पंचायत भवन में शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में डाक्टर भंवर सिंह ताखर, डाक्टर राकेश यादव, डाक्टर निधि शर्मा की टीम ने 300 मरीजों को निशुल्क उपचार व परामर्श दिया। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कैलाश भावरिया, कृष्णा चौधरी, ममता, संदीप, शाहिजान, सायर सिंह, सुरेश सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रींगस में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पीहर पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** कस्बे में किराए का मकान लेकर रहने वाली 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई, विवाहिता की मौत की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि खेजरोली निवासी 23 वर्षीय बबीता पत्नी हजारी लाल सैनी की फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। जिसके शव का राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया। खंडेला के रामपुरा निवासी बबीता सैनी की 18 नवंबर 2024 को खेजरोली निवासी हजारी लाल पुत्र बंशीधर सैनी के साथ विवाह हुआ था। मृतका का पति रींगस के बीकानेर बस स्टैंड पर किराए की होटल चलाता है।

### पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

मृतका बबीता देवी की बड़ी बहन सावित्री देवी ने मृतका के पति पर सोने की चेन और मोटरसाइकिल की मांग करने सहित जेठ, ननद और सास-ससुर पर भी दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस संबंध में मृतका के भाई पूरणमल पुत्र रामेश्वर लाल सैनी निवासी रामपुरा खंडेला की ओर से ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, दहेज हत्या और मारपीट कर गर्भपात करवाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया।

### विधायक सुभाष मील ने की समझाइश

पीहर पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए 5 घंटे तक मृतका के शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया जिस पर खंडेला विधायक सुभाष मील उप जिला अस्पताल पहुंच कर पीहर पक्ष के लोगों से समझाइश की और उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

## नलापति बालाजी धाम में सजीव झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** श्री नलापति बालाजी धाम दांता में ग्राम समृद्धि के लिए पिछले एक माह से चल रहे अखंड श्री रामधुन कार्यक्रम का शनिवार को विशाल शोभायात्रा व भण्डारा के साथ संपूर्ण हुआ। मन्दिर पुजारी उमाशंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक माह की अखण्ड रामधुन का आयोजन किया गया। यह सातवीं रामधुन कार्यक्रम है जो आज से एक माह पहले श्री नलापति बालाजी धाम दांता में ग्राम समृद्धि के लिए अखंड श्री रामधुन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन हुआ, कलाकारों की ओर से शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शनिवार को विशाल शोभायात्रा व भण्डारा के साथ विधि-विधान से संपूर्ण हुआ। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा में निवाई के खंडेतो कलाकारों और जगह जगह करतब दिखाया गया वहीं सजीव झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा शनिवार प्रातः 9 बजे से निकाली गई, जो दांता के चौपड़ बाजार और प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री नलापति धाम पहुंची, उसके बाद पूजा अर्चना, अभिषेक व महाआरती की गई और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, लोगों और भामाशाहो सहित स्थानीय लोगों, महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## शिविर में 86 लोगों ने किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** एयू बैंक नीमकाथाना शाखा की ओर से निजी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एयू बैंक के कर्मचारियों और आमजन ने हिस्सा लिया। शिविर में जैन हॉस्पिटल ब्लड सेंटर और राम ब्लड सेंटर चौमूं की टीमों ने रक्त संग्रहण किया। इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने रक्तदान शिविर में सहयोग किया और रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एयू बैंक नीमकाथाना शाखा से राजेश शर्मा, राजेंद्र बिजारणियां, अनुज शर्मा, अनिल कुमावत, श्रीराम शर्मा, प्रवीण महराणियाँ, हवा सिंह, रामस्वरूप जाट, सुनील शर्मा, मनोज सैन, कृष्ण गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# होटल, ढाबों और कैफे पर कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** स्थानीय पुलिस अब थाना क्षेत्र में संचालित होटल, ढाबे, कैफे पर होने वाली अवैध गतिविधियों के खिलाफ अंकुश लगाने के लिए अजीतगढ़ पुलिस उपअधीक्षक उमेश गुप्ता के नेतृत्व में अभियान चलाया है। शनिवार को थाना क्षेत्र में संचालित इन होटल, ढाबे, कैफै पर कार्रवाई की है। इन पर अवैध गतिविधियों में लिफ्ट तीन गैर सायलो को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर होटल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक उमेश गुप्ता ने बताया कि अजीतगढ़ समेत अजीतगढ़ क्षेत्र में संचालित होटल ढाबे व कैफे पर अवैध गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही है। शनिवार को अजीतगढ़ पुलिस उपअधीक्षक उमेश गुप्ता के नेतृत्व में अजीतगढ़ थाने के सहायक थाना अधिकारी बलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल सवाई सिंह, कांस्टेबल कर्मेंद्र, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के कांस्टेबल बृजेश, उपपुलिस अधीक्षक कार्यालय के वाहन चालक सुरेंद्र व महिला कांस्टेबल सरोज की टीम ने अजीतगढ़ समेत क्षेत्र के होटल, ढाबे, कैफे को चेक किया। पुलिस टीम ने अजीतगढ़ के नीमकाथाना सड़क मार्ग पर स्थित सेलिब्रेट होटल में अवैध गतिविधियों में लिफ्ट गैर सायलो सुरेंद्र, सचिन व दीपक को धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर होटल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की। पुलिस उपाधीक्षक उमेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। ज्ञात रहे कि अजीतगढ़ समेत क्षेत्र में कुछ होटलों को छोड़कर अधिकतर होटल, कैफै पर दिन प्रतिदिन भारी अवैध गतिविधियां हो रही है। आने वाली भावी पीढ़ी का भविष्य गर्त में जा रहा है, लेकिन फिर भी उनके घर वाले कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। रोजाना होटल, कैफै पर युवा वर्ग की भारी भीड़ लगी रहती है। लोगों ने कई बार पुलिस को इस संबंध में शिकायत भी की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों में रोष व्याप्त भी था लेकिन अब पुलिस एक्टिव मोड में आने के बाद अजीतगढ़ समेत क्षेत्र में चल रही होटले, कैफै पर कार्रवाई होने के बाद इनके मालिक भयभीत नजर आ रहे हैं।

## आम उपभोक्ता के हितों की लड़ाई लड़ेंगे: सांसद अमराराम

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को उपभोक्ताओं से लूट करने की योजना बताते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने इसका विरोध करने व स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देने का निर्णय लिया है। पार्टी के राज्य सचिव किशन पारीक ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार हर जिले में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के मी सही सलामत होने के बावजूद जबरदस्ती अपने चाहते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाना चाहती है। इसके खिलाफ हनुमानगढ़ सीकर जोधपुर झुंझुनू सहित अनेक जिलों में उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं। सीपीएम ने राज्य स्तरीय आंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिसके शुरुआत सीकर में 26 जुलाई को एक राज्य स्तरीय कन्वेंशन के आयोजन से होगी। इस कन्वेंशन में राजस्थान के सभी जिलों से आम उपभोक्ता पदाधिकारी भाग लेंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य व सांसद अमराराम ने कहा है कि राजस्थान में एक करोड़ 43 लाख बिजली उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाकर सरकार हर साल 50000 करोड रुपए सालाना बिजली कंपनियों को एडवांस में दिलाना चाहती है क्योंकि मीटर प्रीपेड होंगे, जिनको चार्ज करने के लिए पहले एक निश्चित शुल्क विद्युत कंपनी को देना होगा और रुपया खत्म होते ही घर की बिजली बंद हो जाएगी। इससे राजस्थान के बड़ी तादाद में जो गरीब आम उपभोक्ता है, वह बिजली से वंचित हो जाएंगे, इस योजना पर 14037 करोड रुपए खर्च होंगे जिसका भार भी आखिरकार आम उपभोक्ता पर ही पड़ेगा। इसलिए सरकारों को राजस्थान के आम उपभोक्ताओं को लूटने की इजाजत नहीं दी जा सकती और हम उनके हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** विप्र सेना लक्ष्मणगढ़ महिला मोर्चा की ओर से सचिव डॉक्टर सीमा शर्मा के नेतृत्व में पौधरोपण दिवस व पवित्र श्रावण माह के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। विप्र सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा पाराशर व विप्र सेना महिला मोर्चा के टीम के पदाधिकारी जन व सदस्यों ने मिलकर कर कार्यक्रम को सफल बनाया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर अरुणा पाराशर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संरक्षक वीणा शर्मा,ममता शर्मा, नीलाम शर्मा, कुसुम धंढ, हेमलता शर्मा भारती शर्मा, गायत्री शर्मा,रंजीता शर्मा, पूनम संगीता, ऊषा, अमृता, अनुराधा सहित मातृ शक्ति मौजूद रही। इस अवसर पर विप्र सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा पाराशर और टीम ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे भी इस अभियान में शामिल हों और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

## कालीबाई भील स्कूटी छात्रवृत्ति योजनाः छात्रा को दी स्कूटी

### मिली स्कूटी की चाबी तो खिला चेहरा



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** ब्लॉक के ग्राम गढटकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा को प्रधानाचार्य अनुप कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में कालीबाई स्कूटी छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कूटी वितरित की गई। विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता बीरमा कुमारी ने बताया कि शनिवार को विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा सादिया पुत्री बुंदु खान को काली बाई स्कूटी छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्रा की माताजी जैबुना बानो, बहीन शाहिनी, चाचा इमरान खान का भी माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रा को जैसे ही स्कूटी की चाबी दी गई तो उसके चेहरे पर खुशी झलकना शुरू हो गई। इस अवसर पर विद्यालय के पंचायत शिक्षक गिरधारीलाल समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## बिरमी में पौधरोपण कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय विद्यालय बिरमी में शनिवार को सरपंच छ्गनसिंह शेखावत की अगुवाई में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाकर उनके देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या किरण देवी, विजयपाल सिंह, नाथूसिंह, राधेश्याम, अनिता, विजय काला, सहित स्कूल स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**मण्डावा(निस)।** मंडावा कस्बे के सीए बने मनीष सोनी और अमन देवड़ा का सम्मान समारोह श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने समाज के मंदिर प्रांगण में नगरपालिका चेयरमेन नरेश सोनी के मुख्यातिथ्य में मनाया। सीए मनीष सोनी व अमन देवड़ा का साफ पहनकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के सरंक्षक शिवभगवान सोनी ने की। समाज के अध्यक्ष सज्जनलाल सोनी सचिव प्रमोद सोनी, शंकरलाल सोनी मंचासीन रहे। इस दौरान भवानीशंकर सोनी, मातादीन सोनी, राजकुमार सोनी, तुलसीराम सोनी, सुनील सोनी, तोलाराम सोनी, जुगल किशोर सुगन्ध, जुगल कुलथिया, मनोज सोनी, राकेश सोनी, प्रदीप सोनी, संजय सोनी आदि मौजूद रहे।

# जलदाय विभाग अधिकारियों के खिलाफ नागरिकों ने जताया आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित नरसिंह बिहारी मंदिर के पास कई दिनों से खराब हेड पंप को सुधारने की मांग लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से की है जिस कारण बार-बार शिकायत करने के बाद भी हेड पंप की मरम्मत नहीं करने के कारण लोगों ने शनिवार को इसकी शिकायत अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव से की जिस पर यादव खराब पड़े हेड पंप स्थल पर आकर लोगों की समस्या सुनी व तुरंत जलदाय विभाग के अधिकारियों को बुलाकर हेडपंप को सही करने के निर्देश दिए। युवा भाजपा नेता जीएल टेलर, नगर पालिका के वाइस चेयरमैन मनोज खंडेलवाल, पार्षद रोहित भारद्वाज, भाजपा अनुसूचित जनजाति के अजीतगढ़ अध्यक्ष गोपाल मीणा समेत कई लोगों ने बताया कि कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित नरसिंह बिहारी मंदिर के पास कई दिनों से खराब पड़े हेडपंप को सही करवाने की मांग को लेकर लोगों ने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया। कर्मचारियों का एक ही जवाब मिलता है कि जल्दी ही हेड पंप को सही कर दिया जाएगा, लेकिन कर्मचारी एक दिन आकर हेडपंप की खानापूर्ति करके चले गए चले गए। उसके बाद कर्मचारियों का कहना था कि हेड पंप के पाइप जंग खा गए जिसमें ब्लीच पाउडर डाल दिया गया था। 2 दिन में पाउडर से जंग उतर जाएगी उसके बाद इसको सही कर दिया जाएगा लेकिन 10-15 दिन हो गए। इसके बाद भी अधिकारी और कर्मचारियों ने कोई सुध नहीं ली। लोगों ने बताया कि बाजार के लोगों ने इसके बारे में विभाग को कई बार अवगत भी करवाया परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। युवा भाजपा नेता जीएल टेलर समेत कई लोगों ने इसकी सूचना शनिवार को पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव को दी गई जिस पर प्रधान ने तुरंत खराब पड़े हेड पंप पर आकर लोगों की समस्या सुनी और तुरंत जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलवाकर हेडपंप को सही करने के लिए कहा, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग को अवगत कराने के बाद भी विभाग किसी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जिस पर यादव ने तुरंत जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता आशीष खेरवा को इस खराब पड़े हेड पंप की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जलदाय विभाग अजीतगढ़ के कनिष्ठ अभियंता आशीष खेरवा का कहना है कि यह हेड पंप ऊंचे चबूतरे पर लगा हुआ है जिस कारण पाइप निकालने वाली अगर मशीन मंगवाते हैं तो वह चबूतरे पर चढ नही सकती जिस कारण यह समस्या हो रही है अगर चबूतरे को तोड़ा जाए तो मशीन को मंगवा कर इसके पाइप निकाल कर इसकी मरम्मत की जा सकती है लेकिन फिर भी समस्या का समाधान करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
13 जुलाई, 2025

# कावड़ लेने शिव भक्तों का जत्था रवाना



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के प्राचीन मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर से शिव भक्तों का एक 21 सदस्यों का जत्था बोल बम के जयकारों के साथ रवाना हुआ। यह जत्था लोहार्गल से डाक कांवड़ लाने के लिए रवाना हुआ। मन्दिर के पुजारी राजूराम ने 21 सदस्यों के जत्थे को रवाना किया। संघ के एडवोकेट रोहित मारू ने बताया कि संघ की ये बीस वीं डाक कांवड़ यात्रा है। जिसमें 21 सदस्यों के साथ रवाना हुए हैं । रविवार को लोहार्गल से कांवड़ लेकर रवाना होंगे जो कस्बे में सोमवार सुबह पहुंचकर कस्बे के विभिन्न शिवालयों में पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा। यह यात्रा लगभग 135 किलोमीटर की 24 घण्टे में तय करने का अनुमान है।

# पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर के तत्वावधान में श्री राजलदेसर गौशाला में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम प्राचार्य मोहनलाल अर्जुन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास रहे। व्यास ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय पौधरोपण कार्य क्रम का शुभारंभ यहां से किया गया है। सभी पौधरोपण कार्यक्रम के हिस्सेदार बनें। एक पेड़ मां के नाम व कक्षा 9 से 12के विद्यार्थियो को 15 पेड़ व कक्षा 1से आठ के विद्यार्थियों को 10 पेड़ का लक्ष्य के साथ अभियान चलाया जा रहा है सभी पौधरोपण कर जीयो टेग करें।साथ ही पर्यावरण का तापमान कम करने का एक ही उपाय है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता महेश कुमार सांखोलिया, प्रयोगशाला सहायक दीपांकर शर्मा, नानूराम अध्यापक, कम्प्यूटर अनुदेशक मनिष शर्मा, एडवोकेट जेपी बलानिया सहित सैंकड़ों छात्राओं ने कार्यक्रम के सहभागी बने सभी ने पेड़ लगाकर सुरक्षा व देखभाल की प्रतिज्ञा ली। प्राचार्य मोहनलाल ने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।।

# विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सलामपुरिया कुंआ के पास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न 4 में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग जयपुर के आदेश की अनुपालना में पास ही स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम आयोजन प्रभारी सम्पतराम जांगिड़ ने बताया कि विभाग की ओर से विद्यालय को 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य आवंटित किया है। चूंकि विद्यालय भवन में पौधरोपण के लिए स्थान नहीं है। अतः वृक्ष बीकानेर रोड़ के दोनों ओर लगाए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम में संस्था प्रधान श्रीमती सरोज पारीक, किरण जांगिड़, मुन्नीलाल रैगर, भवानीशंकर सैनी, संतोष सैनी, अख्तर हुसैन खिलजी, सुबधा, निर्मला मिश्रा, सुषमा सोनी, नीता लाटा, भगवती शर्मा, डिम्पल सोनी, कांता स्वामी, राजूराम व विद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# मानसिक डिप्रेशन में युवक ने की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के समीप शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे लाडनूं से रतनगढ़ साइड जा रही डेमो ट्रैन के आगे आकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। गार्ड की ओर से सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन तक शव ट्रैन में लाया गया। वहाँ से आरपीएफ के एएसआई रविंद्र सिंह की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया रेलवे स्टेशन पहुंचे और घटनास्थल लाडनू थाना क्षेत्र का होने के कारण शव को लाडनूं अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की शिनाख्त हेतराम (26) पुत्र कन्हैयालाल मेघवाल, निवासी वार्ड नंबर 1 गांधी बस्ती सुजानगढ़ के रुप मे हुई। मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें ममी पापा से माफी मांगते हुए डिप्रेशन में होने का जिक्र किया गया है। दूसरी ओर पत्नी के बारे में भी लिखा गया है कि उसकी दूसरी शादी करा देना। एक दो जनों की उधारी चुका देने का जिक्र करते हुए युवक ने लास्ट में लव यू ऑल लिखकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार मृतक विवाहित था। लाडनूं अस्पताल मे पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



# 4 हिस्ट्रीशीटर सहित अपराधी गिरोह के 8 गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस की ओर से संगठित अपराधियों, विभिन्न गैंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान वज्र के तहत चार हिस्ट्रीशीटर सहित संगठित अपराधी गिरोह 8 जनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव व महानिरीक्षक रेंज बीकानेर की ओर से आर्म्स एक्ट व संगठित अपराधियों, विभिन्न गैंग्स के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र चलाया जा रहा है। जिसके तहत कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र ददरवाल के निर्देशन व पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल सारण के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई टीम की ओर से विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चार हिस्ट्रीशीटर सहित संगठित अपराधी गिरोह के आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर में सोनू सिंह उर्फ सोनू पुत्र मोबसिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी बायला, मोहित सोनी उर्फ मोनू पुत्र रामलाल सोनी उम्र 25 साल निवासी वार्ड 21, बजरंग नाथ पुत्र गोरखाराम सिद्ध उम्र 50 साल निवासी बीकमसरा, भंवरनाथ पुत्र रामचंद्र नाथ



सिद्ध उम्र 47 साल निवासी बीकमसरा को गिरफ्तार किया गया है। उसी के साथ ही पुलिस की ओर से संगठित अपराधियों, विभिन्न गैंग्स का सहयोग करने व गैंगस्टरों को फॉलो करने पर पुलिस की ओर से अकरम खान पुत्र नवाब खान क्यामखानी उम्र 23 साल निवासी वार्ड 24, मांगूसिंह पुत्र बिशन सिंह राजपूत उम्र 48 साल निवासी वार्ड 40, हरिराम सारण पुत्र मालाराम जाट उम्र 40 वर्ष निवासी सोमासर, कन्हैयालाल पुत्र रूघाराम नायक उम्र 27 साल निवासी सवाई डेलाना को गिरफ्तार किया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस की ओर से लगातार विशेष अभियान चलाकर अपराधियों को लगातार गिरफ्तार किया जा रहा है।

# चौधरी चरणसिंह पारिवारिक वानिकी मिशन के तहत पौधारोपण

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए चौधरी चरणसिंह पारिवारिक वानिकी विचार मंच चूरू और राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की ओर से चरणसिंह पारिवारिक वानिकी वनखंड ग्रामीण किसान छात्रावास रतनगढ़ का उद्घाटन पर्यावरणविद् प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी की ओर से किया गया। विचार मंच संयोजक मुकन्दाराम नेहरा, अभियान के रतनगढ़ संयोजक प्रकाश चौधरी ने बताया कि इस मिशन का राज्यस्तरीय उद्घाटन आज ही प्रोफेसर ज्याणी के संयोजन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग के आतिथ्य में सांगानेर के नेवटा ग्राम पंचायत से किया गया। इस पौधारोपण अभियान में इस सत्र प्रदेशभर में 20 लाख पौधों को लगाने और उन्हें जीवित रखने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 7 लाख पौधे पारिवारिक वानिकी जन पौधशालाओं में तैयार किए गए हैं और शेष पौधे मिशन के वॉलेंटियर्स की ओर से परस्पर सहयोग से लगाए जाएंगे और साथ ही पांच लाख सहजन के पौधे घर घर सहजन अभियान के तहत लगाए जाएंगे। इस मिशन के तहत रतनगढ़ परिक्षेत्र में विशाल स्तर पर पौधरोपण हुआ जिसमें ग्राम लोहा, छाबड़ी खारी,बीनादेसर ,भरपालसर, बीरमसर, बुधवाली ,जालेऊ, चक राजियासर, जांदवा, कनवारी, कादिया, कांगड़, बच्छरारा सहित



विभिन्न गांवों के विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण किसान छात्रावास के अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर, शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, प्रांतीय कमेटी के सदस्य खींवाराम ख्यालिया, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया, ब्लॉक मंत्री भोजराज शर्मा, हरलाल डूडी, मुकेश सैनी, रामचंद्र ऐचरा, सुरेंद्र ऐचरा, बजरंग बिस्सू, गोविंदराम ढाका, रामकरण खीचड़, शिवलाल ढेवा,सुभाष, मुरली अजमेरिया, रामरतन ऐचरा, भंवरलाल पूनिया, सुरजाराम बलारा, बनाराम पूनिया, सांवरमल बडजाति, श्यामलाल खीचड के साथ ही संगठन और पारिवारिक वानिकी विचार मंच के सदस्यों के साथ ही छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के शाकंभरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों में मनोवैज्ञानिक विकास व जीवन कौशल को बढ़ावा देने के लिए मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण जागरूकता थीम पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र मनोजागरण का आयोजन किया गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों में मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही है। जिस ओर शिक्षकों, अभिभावकों और समाज को ध्यान देने की नितांत आवश्यकता है। मनोजागरण सत्र में जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ भूपेश दीक्षित ने विधार्थियों को बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है और अपने जीवन में उचित निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी भावनाओं, विचार और व्यवहार पर नियंत्रण करके तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के लक्षणों की समय पर पहचान और सहायता करने से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को मिटाया जा सकता है और व्यक्ति एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने बताया कि अपनी क्षमताओं के बारे में जानना, जीवन के दैनिक तनाव से निपटना और उत्पादक रूप से कार्यों को करना, समाज में योगदान देना आदि मानसिक कल्याण के प्रमुख तत्व हैं। सत्र में मानसिक व भावनात्मक परामर्श के लिए संचालित टेलीमानस टोल फ्री हेल्पलाइन नं 14416 अथवा 18008914416 के बारें में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। दीक्षित ने बताया कि मन की बात साझा करने से, सही पोषण और योग से और एक नियमित दिनचर्या अपनाकर विद्यार्थी तनावमुक्त होकर उचित निर्णय और सफल जीवन का निर्माण कर सकते है। सत्र में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अपनी भावनाएं व विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के दिव्या गौड़, आनन्द मीणा, सुनील भोजक मौजूद रहे।

# 11 वीं कक्षा के विद्यार्थी ने किया सुसाइड

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** परसनेऊ रेलवे ट्रैक पर 11वीं क्लास के स्टूडेंट ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची राजलदेसर पुलिस ने शव को गवर्नमेंट अस्पताल की मोर्चुरी में रखवाया। शुक्रवार देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। शनिवार सुबह शव की शिनाखूत बीकानेर के मोमासर निवासी गोपीराम नाई (19) के रूप में हुई हैं। राजलदेसर थाना के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि मोमासर निवासी मनोज कुमार नाई ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई गोपीराम नाई गांव में ही 11वीं क्लास में पढ़ता था। 10 जुलाई को राजलदेसर में वह अपनी बुआ के घर आया था। शुक्रवार को सुबह उसने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड के कारणों का अभी तक नहीं लग पाया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस ने मनोज कुमार की रिपोर्ट पर मर्ग कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया हैं।

# लोहा विद्यालय की छात्राओं को स्टेशनरी वितरित

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांव लोहा की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक स्कूल में शनिवार को छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरित की गई। साथ ही स्कूल स्टाफ के सहयोग से प्राथमिक कक्षाओं की छात्राओं के लिए वर्तमान समय की मांग के अनुसार मनोरंजनात्मक व खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए उद्देश्य से एलईडी टीवी व इन्वेटर मय बैटरी भी लगाई गई है, जिसका उदघाटन शनिवार को हुआ। उक्त कार्य पर 51 हजार रुपए की राशि खर्च की गई है। वहीं हरियालो राजस्थान के अंतर्गत स्कूल में पौधरोपण भी किया गया। सरपंच भंवरलाल पूनियां के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षक संघ अंबेडकर के जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल, प्रधानाध्यापक विश्वाश निरंकारी, पीईईओ प्रतिनिधि अमित कुमार, जगदीश प्रसाद स्वामी, भंवरलाल नाई, महबूब काजी, अब्दुल करीम मणियार, कृष्णकुमार बुडानिया, जितेंद्र भार्गव रहे। इस दौरान देवाराम प्रजापत व जिलाध्यक्ष मेघवाल ने स्कूल को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर मंजू शर्मा, किरण, सुनीता, गुरप्रीत कौर, स्वाति, सुभिता झुरिया, प्रियंका, प्रेमलता सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जांगिड़ व रमेशचंद्र महला ने संयुक्त रूप से किया।



# किड्स क्रेज स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के किड्स क्रेज स्कूल के छात्र लव्य हारित पुत्र सुनील हारित ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी न्यू दिल्ली की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता ओलंपियाड में विश्व स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे शहर व स्कूल का नाम रोशन किया। उन्हें इस अद्भुत उपलब्धि के लिए ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि 10 वर्षीय लव्य और उनके छोटे भाई 7 वर्षीय परीक्षित हारित कम उम्र में ही संपूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता अर्थ सहित कंठस्थ है। इसके अलावा दोनों भाई रामचरितमानस की चौपाइयाँ, सुंदरकांड और श्रीमद् भागवत महापुराण के जटिल संस्कृत श्लोक भी मधुर स्वर में सुंदर ढंग से गाते हैं। इनकी प्रतिभा का एक और प्रमाण तब मिला जब उन्होंने अयोध्या पब्लिकशन की ओर से आयोजित वर्ल्ड हनुमान चैंपियनशिप अंग्रेजी में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। किड्स क्रेज स्कूल के निर्देशक अनुराग मिश्र व शिक्षकों ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर दोनों बच्चों को बधाई दी और कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय में बच्चों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के निदेशक अनुराग मिश्र ने कहा कि लव्य और परीक्षित की यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि यदि लगन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी शिखर दूर नहीं।



# क्रैश जगुआर का ब्लैक बॉक्स मिला

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव भानुदा सिकराली सड़क मार्ग पर बुधवार को क्रैश हुए जगुआर फायटर जेट का ब्लैक बॉक्स शनिवार दोपहर करीब एक बजे मिला। सूरतगढ़ और नाल एयरबेस की टीम लगातार सर्च अभियान कर रही थी। ब्लैक बॉक्स को ढूंढने के लिए शनिवार सुबह सात बजे टीम ने सघन सर्च अभियान शुरू किया था। मौके पर एयरफोर्स के बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने फायटर के क्रैश हुए पार्ट का मुआयना किया। चूरू एसपी जय यादव ने बताया कि क्रैश फायटर जेट का ब्लैक बॉक्स शनिवार दोपहर मिल गया है। एयरफोर्स के अधिकारियों की ओर से लगातार मौके पर सर्च अभियान चलाया गया था। अब ब्लैक बॉक्स की जांच की जाएगी। जिसमें फायटर जेट के क्रैश होने का कारण सामने आ जाएगा। बुधवार दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर भाणुदा चारणान गांव के बाहरी क्षेत्र में जगुआर फायटर जेट क्रैश हो गया था। जिसमें स्कवाड्रन लीडर पायलट लोकेन्द्र सिंह सिंधु और फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह शहीद हो गए थे। एयरफोर्स के बड़े अधिकारियों की ओर से अब ब्लैक बॉक्स की जांच की जाएगी।

# छापर भाजपा मंडल की कार्यकारिणी घोषित, गजानंद स्वामी अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अनुमति व पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि कि अभिशंषा पर छापर भाजपा की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रवक्ता राकेश ढ़ेनवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर गजानंद स्वामी, उपाध्यक्ष महेंद्र गोड़, राकेश ढेनवाल, मनोज पारीक, श्रवण माली, भंवरीदेवी नायक, बसंती पारीक, महामंत्री देवकीनंदन भाटी, मुकेश धानका, मंत्री भवरदान चारण, महेश रतावा, हुलास सारडा, मोनिका उपाध्याय, संजूदेवी मेघवाल, शशिदेवी रतावा व कोषाध्यक्ष चम्पालाल जोशी को बनाया गया है। पदाधिकारियो के सहित कार्यकारिणी मे कुल साठ सदस्यों को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश की बढ़ी तारीख

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** आयुक्तालय ने एक बार फिर स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन की तारीख 16 जुलाई तक बढ़ा दी है। छात्राएं अपने दस्तावेज बुधवार तक सत्यापन करा सकेंगी। इससे पहले शुक्रवार को कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन कराने के लिए दिनभर छात्राओं की लंबी कतार लगी रही। राजकीय कन्या महाविद्यालय नोडल अधिकारी नोडल अधिकारी नवीन कुमार पारीक ने बताया कि अभ्यार्थियों की ओर से महाविद्यालय में दस्तावेजों का सत्यापन व ई-मित्र पर शुल्क 16 जुलाई तक जमा करा सकेंगे। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 18 जुलाई को जारी होगी। प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण व विषय आवंटन 19 जुलाई को किया जाएगा। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर शिक्षण कार्य 21 जुलाई से प्रारम्भ होगा।

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालाजी बेट्रीज से में से अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर दो बेट्री चुरा ले गया। जिसको लेकर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी राहुलसिंह उर्फ मांगूसिंह (21) पुत्र महेंद्रसिंह, निवासी गांव मलसीसर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो बेट्रियां और घटना में प्रयुक्त की गई बाईक जप्त की है।



# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 181 मरीज लाभान्वित

**जयपुर टाइम्स/रींगस(निस)।** एनएच 52 स्थित बीटीएस हॉस्पिटल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मूंडरू में शनिवार को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 181 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर का विधिवत शुभारंभ मूंडरू सरपंच रामजीलाल मिश्रा, दिनेश सैनी, सूरजमल फौजी, चिरंजी लाल, सुरेश सैनी, राजेश कटारिया, महेश सैनी, बलबीर सिंह, महेंद्र, नाथू राम योगी, कैलाश, सायर कंवर, मनोहर जांगिड़, डॉ भंवर सिंह ताखर, झाबर मल बिजारणियां, डॉ अजय सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर संयोजक एचआर बिजारणियां ने बताया कि शिविर में फिजिशियन डॉ राकेश यादव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ भंवर सिंह ताखर, नर्सिंगकर्मी कैलाश भावरिया, कृष्णा चौधरी, ममता , आशा सामोता, सचिन, संदीप गढ़वाल, राकेश, दीपक ने सेवाएं दी।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
13 जुलाई, 2025

# झुंझुनूं में बदलेगी आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर, पूरे प्रदेश में होगी लागू

## जिले में 70 केंद्र होंगे आदर्श, पूरे प्रदेश में 2000 केंद्रों पर खर्च होंगे 40 करोड़

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले से शुरू हुई आदर्श आंगनबाड़ी योजना अब पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनने जा रही है। महिला व बाल विकास विभाग की नई योजना के तहत झुंझुनूं जिले के 70 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 1 करोड़ 55 लाख 68 हजार 100 रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। योजना की शुरुआत झुंझुनूं जिले से हुई है और यही से पूरे राज्य के बदलाव की नींव रखी जा रही है। झुंझुनूं जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में 10-10 आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन किया गया है। ये वे केंद्र हैं जहां या तो भवन जर्जर हालत में हैं, या फिर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से इन केन्द्रों को पूरी तरह आधुनिक स्वरूप में बदला जाएगा।

### झुंझुनूं से बदलेगी आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर

इस योजना का उद्देश्य सिर्फ भवन मरम्मत या सौंदर्यकरण नहीं है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए एक समुचित और अनुकूल वातावरण तैयार करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग का मानना है कि बच्चों के पोषण के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और सुरक्षित वातावरण देना भी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे अब जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है। झुंझुनूं जिले के जिन गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, उनमें लांबा गोठड़ा, नरहड़, खुदान, बुडानिया, बाजवा, घनडावा, खेड़ला, देवरोड, भगिना, गाढ़ाखेड़ा, गुजरवास, डूमोली खुर्द, पचेरी खुर्द, मुरादपुर, मदनसर, भोबीया, भूडनपुरा, अडुका, काजड़ा (सेकंड), कालोटा, चिचडोली, ढाणी बाढ़ान, गाढराटा, ठाठवाली, इलाखर, भजनावाली, लोयल, पपुरना, बढ़ाऊं, सीतसर, बाडलवास, रघुनाथपुरा, इस्लामपुरा, मरोत, सुल्ताना, चनाना, गोवला, मालूपुरा, गिढानिया, जाबासर, कालियासर, कमालसर, मलसीसर, अलसीसर, धनुरी, मोजास, तेतरा, सेनीपुरा, बजावा, सिंगनोर, मैनपुरा, गुढ़ागौड़जी, खरबासा की ढाणी, टिटनवाड, जहाज, सराय, जोहड़ की ढाणी, चैनगढ़, सोटवार, खिरोड़, सुल्तानपुरा, राणासर, मिलो की ढाणी, दुर्जनपुरा और ढ़ीगाल जैसे गांव शामिल हैं।



### प्रस्तावित काम 14 बिंदुओं पर आधारित

*राज्य स्तर पर जो कार्य प्रस्तावित हैं, वे भी 14 बिंदुओं पर आधारित हैं। इनमें सबसे अधिक खर्च भवनों की छत, फर्श, टॉयलेट और बाल चित्रकारी जैसी संरचनात्मक सुविधाओं पर किया जाएगा। राज्यभर में 1446 केन्द्रों पर छत की मरम्मत, 1449 केन्द्रों पर फर्श सुधार, 1514 केन्द्रों पर बाल चित्रकारी और 1618 केन्द्रों पर बाल अनुकूल शौचालय बनवाए जाएंगे। इसके अलावा 1630 केन्द्रों पर पानी की टंकी, 1622 पर नल फिटिंग, 1658 केन्द्रों पर टंकी से जल आपूर्ति की फिटिंग, 1406 पर बिजली फिटिंग, 1567 केन्द्रों पर पंखे और एलईडी बल्ब जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। 2000 सभी केन्द्रों पर आरओ सिस्टम लगाया जाएगा, ताकि बच्चों को शुद्ध पेयजल मिल सके। रसोई के लिए भी सभी केन्द्रों पर स्लैब निर्माण करवाया जाएगा और 1339 केन्द्रों पर चिल्ड्रन पार्क विकसित किए जाएंगे। इन पार्कों में छोटे बच्चों के लिए झूले, स्लाइड और खेलने के अन्य संसाधन होंगे। बालकों के लिए यह स्थान एक प्रेरक और शिक्षाप्रद वातावरण तैयार करेगा।*

### जिले के 70 केंद्र शामिल

जिला उप निदेशक विजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि झुंझुनूं जिले के जिन 70 केन्द्रों को इस योजना में शामिल किया गया है, वहां जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन केन्द्रों पर 14 तरह के कार्य प्रस्तावित हैं, जिसमें छत व फर्श की मरम्मत, बिजली-पानी की सुविधा, शौचालय, बाल चित्रकारी, स्लैब युक्त रसोई, आरओ वाटर प्यूरीफायर और चिल्ड्रन पार्क जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन कार्यों से केन्द्रों की दशा और दिशा दोनों बदलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि केन्द्रों के कायाकल्प से बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी होगी। अभी तक कई ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति इतनी जर्जर थी कि बारिश में पानी टपकता था, दीवारें गिरी हुई थीं, बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी और ना ही पीने के पानी या शौचालय की कोई सुविधा। अब इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी इस योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे बाल विकास, पोषण प्रबंधन, किचन गार्डन, स्वास्थ्य देखरेख और प्रारंभिक शिक्षा के प्रति ज्यादा सजग और सशक्त हो सकें। योजना का उद्देश्य आंगनबाड़ी को सिर्फ एक पोषण वितरण केंद्र नहीं, बल्कि बाल विकास केंद्र के रूप में तैयार करना है। यह योजना केवल झुंझुनूं जिले तक सीमित नहीं रही। विभाग ने राज्य के सभी जिलों से भवन मरम्मत की स्थिति, बच्चों की संख्या, भौगोलिक स्थिति, प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के अनुसार चिन्हित केंद्रों की सूची मांगी थी। इसके आधार पर प्रदेश के 2000 केन्द्रों को पहले चरण में आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना को अंतिम रूप दिया गया।

### हर भवन के लिए अलग प्रस्ताव

विभाग की ओर से केन्द्रों की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण कर प्रत्येक भवन के लिए अलग-अलग प्रस्ताव तैयार किए गए थे, जिन्हें समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय, जयपुर को भेजा गया। इसमें यह जानकारी भी शामिल की गई थी कि केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है या शहरी इलाके में, वहां क्या सुविधाएं हैं और किन सुधारों की सख्त जरूरत है। इन तथ्यों के आधार पर अब राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में 2000 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए करीब 40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मारवाड़ी युवा मंच, सुजानगढ़ के तत्वावधान में सत्यनारायण अरोड़ा की स्मृति में आगामी 21 जुलाई को अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि रक्तदान स्वैच्छिक रूप से रक्त देने की प्रक्रिया है, ताकि जरूरतमंदों की मदद की जा सके। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा, प्रांतीय नारी चेतना संयोजक पूजा शर्मा, प्रांतीय जनसेवा प्रकोष्ठ संयोजक प्रमिला प्रजापत और मीडिया प्रभारी महेश शर्मा ने जिला कलक्टर का अभिनंदन किया।

## बिहार में सभी मतदाताओं से ईसीआई ने किया सीधा संपर्क

### 80.11% मतदाता पहले ही दे चुके हैं अपना एन्न्यूमरेशन फॉर्म

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** 77,895 बीएलओ और 20,603 नवनियुक्त बीएलओ के साथ ज़मीनी स्तर पर काम कर रही चुनाव आयोग (ईसीआई) की टीम 25 जुलाई 2025 की निर्धारित समय-सीमा से पहले एन्न्यूमरेशन फॉर्म (ईएफ) का संग्रहण पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। फील्ड-स्तर की टीमों में 38 जिला निर्वाचन अधिकारी (DEOs), सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी (EROs), और 963 AEROs शामिल हैं जिन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की ओर से गहनता से मॉनिटर किया जा रहा है। इन प्रयासों को और सशक्त बना रहे हैं सभी राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त किए गए 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स (BLAs) जो घर-घर जाकर हर ऐसे मतदाता तक पहुंच बना रहे हैं जिनका नाम 24 जून 2025 की मतदाता सूची में दर्ज है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं (PwD) और अन्य संवेदनशील वर्गों की मदद के लिए 4 लाख से अधिक स्वयंसेवक भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अब तक 100% फॉर्मों की छपाई और वितरण लगभग पूर्ण हो चुका है। शनिवार शाम 6 बजे तक 6,32,59,497 यानी 80.11% फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। इसका अर्थ है कि बिहार के हर 5 में से 4 मतदाताओं ने अपना ईएफ जमा कर दिया है। इस गति को देखते हुए अधिकांश फॉर्म 25 जुलाई से पहले ही एकत्र हो जाने की संभावना है। जो मतदाता 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना चाहते हैं, उन्हें पात्रता से जुड़े दस्तावेजों के साथ अपना ईएफ जल्द से जल्द जमा करना होगा। यदि कोई मतदाता दस्तावेज तत्काल उपलब्ध नहीं करवा सकता, तो वह इन्हें 30 अगस्त 2025 तक यानी दावे और आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि तक अलग से भी जमा कर सकता है। इसके लिए वह स्वयंसेवकों की मदद ले सकता है। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बीएलओ की ओर से शनिवार शाम 6 बजे तक 4.66 करोड़ ईएफ को डिजिटाइज़ कर ECINet में अपलोड किया जा चुका है। ECINet चुनाव आयोग का नया एकीकृत सॉफ्टवेयर है जिसमें पहले के 40 विभिन्न ऐप्स को समाहित किया गया है।

## शांति भंग में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजलदेसर एसएचओ कमलेश कुमार ने बताया कि गांव नुवां निवासी अमरसिंह की ओर से दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने गांव के किशोरसिंह को गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने पर गांव नुवां से गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे प्रकरण में रोडवेज बस के परिचालक रामकुमार ने पुलिस को एक परिवाद दिया कि सुंदरपाल सिंह शराब के नशे में यात्रियों के साथ बदसलूकी व गाली गलौज कर रहा है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। तीसरे प्रकरण में गांव बीनादेसर निवासी तुलछाराम ने पुलिस के समक्ष एक परिवाद पेश किया कि गांव का मालाराम शराब के नशे में मारपीट व गाली गलौज कर रहा है, जिस पर पुलिस ने मालाराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों ही प्रकरणों में प्राप्त परिवादों के आधार पर जांच कर तीनों आरोपियों को शांतिभंग करने पर गिरफ्तार किया है।

## एनसीसी भर्ती में 25 विद्यार्थियों का चयन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जयपुर- बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में नेशनल कैडेट कॉर्प्स एनरोलमेंट 2025-26 के तहत 3 राज बटालियन सीकर की ओर से एनसीसी भर्ती का आयोजन किया गया। एनसीसी ऑफिसर विजयपाल सिंह ने बताया कि 3 राज बटालियन नायब सूबेदार मनीष कुमार, हवलदार सुभाष मीणा, हवलदार शौकत अली, ड्रिल इंस्ट्रक्टर शंकर लाल, जीसीआई सुमन विश्नोई आदि के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स का चयन कर भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न की गई। एनसीसी कैडेट का चयन शारीरिक व मानसिक दक्षता और लिखित व मौखिक परीक्षा के आधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया में सैंकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें 25 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया।

### प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार

## बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से विद्यार्थी, आमजन परेशान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** बारिश के बाद लोहिया कॉलेज के सामने पिछले तीन दिनों से निकासी के अभाव में पानी जमा पड़ा है जिससे विद्यार्थियों, शहरवासियों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि यह शहर का मुख्य रास्ता है। यह रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कोर्ट, मुख्य बाजार, टैक्सी स्टैण्ड, हॉस्पिटल सहित कई गांवों का मुख्य मार्ग है। यदि यही स्थिति रही तो देश का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और इससे इनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि जिला कलेक्टर और नगरपरिषद आयुक्त को अवगत करवाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने बताया कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। यह स्थिति आपको बारिश के बाद शहर में जगह-जगह देखने को मिल जाएगी क्योंकि निकासी के अभाव में शहर में अनेक स्थानों पर भरे गंदे पानी से आमजन का हाल-बेहाल है। इससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दुर्लभ हो रहा है। इस गंदे पानी से होकर जाने वाले विद्यार्थी भी कई बार नाले में गिरकर चोटिल हो गए हैं। फिर भी प्रशासन मौन बैठा है। यदि यही हाल रहे तो आगामी बारिश के दिनों में चूरू की स्थिति और अधिक दयनीय हो जाएगी और इसका खामियाजा चूरू की जनता को भुगतना पड़ेगा।

## एग्री स्टैक फार्मर आईडी अनिवार्य

***जयपुर टाइम्स/चूरू(निस)।*** *कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठन मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत एनसीआईपी पर गैर ऋणी कृषकों के फसल बीमा आवेदन सृजन के लिए एग्री स्टैक फार्मर आईडी अनिवार्य की गई है। कृषि संयुक्त निदेशक राजकुमार कुल्हरी ने बताया कि कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से 8 जुलाई, 2025 तक उपलब्ध एग्रीस्टैक फार्मर आईडी की सीडिंग राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर कर दी गई है। किसी गैर ऋणी कृषक की एग्रीस्टैक फार्मर आईडी उपलब्ध नहीं होने पर उस कृषक को सर्वप्रथम एग्री स्टैक फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन करवाना होगा व इसके उपरांत ही उस कृषक की फसल का बीमा आवेदन एनसीआईपी पर अपलोड किया जा सकेगा।*

## भाजपा के दिग्गज नेता डॉ. सतीश पूनियां, मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी का सीकर में अभूतपूर्व अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** भाजपा के कई दिग्गज नेता शनिवार को सांवली सर्किल के पास स्थित जिला कार्यालय में आए। हरियाणा के प्रदेश प्रभारी व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, राजस्थान सरकार में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी जिला कार्यालय में आए। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सभी का पार्टी के दुपट्टे व माला पहनाकर भावभीना स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने सभी वरिष्ठ नेताओं का पार्टी पदाधिकारियों का परिचय कराया और जिले में पार्टी की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, जिला महामंत्री राजेश रोलन व रामावतार रूंथला, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी व रामावतार बड़सरा, पूर्व जिला महामंत्री तेजप्रकाश सैनी, जिला मंत्री प्रभुसिंह सेवद, प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद रणवां, नीलम मिश्रा, अशोक चौधरी, मूलचंद रणवां, इंद्र शर्मा, प्रदीप कुमावत, कंचन अग्रवाल, गोविंदराम बिजारणिया आदि मौजूद रहे।

# सुजानगढ़ में सरेआम उड़ रही कलक्टर के आदेशों की धज्जियां

### दिनभर सड़कों पर नो एंट्री में दौड़ते हैं भारी वाहन

### पुलिस और डीटीओ का मौन बचा चर्चा का विषय

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला कलेक्टर के आदेशों की इन दिनों सुजानगढ़ में सरेआम सड़क पर अवहेलना हो रही है और पुलिस और डीटीओ का मौन रहना चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल केंद्रीय बस स्टैंड जब प्रशासन ने शुरू किया था, तो बोबासर पुलिया के पास से भारी वाहनों की एंट्री बंद की गई थी। इसी प्रकार छापर रोड़ स्थित तिराहे पर भी भारी वाहनों की एंट्री बंद की गई थी। वर्तमान समय में दोनों जगहों पर भारी वाहनों के प्रवेश निषेध के बोर्ड भी लगे हुए हैं। भारी वाहनों की एंट्री सुजानगढ़ शहर में पूरी तरह से बंद की गई थी और केवल सुजानगढ़ में खाली या भरने वाले वाहनों को रात में एंट्री की परमिशन दी गई थी, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था दिन में बाधित नहीं हो। लेकिन ज्यों-ज्यों समय बीता, त्यों-त्यों फिर से ओवरलोड भारी वाहन सुजानगढ़ के गुलेरिया तिराहे से लेकर बोबासर पुलिया तक की सड़क को बाईपास रोड़ के रूप में काम में लेने लगे हैं। छापर रोड़ स्थित रेल फाटक के पास बैठकर अगर नजारा देखा जाए, तो पता चलता है कि भारी वाहन जैसे डंपर, ट्रक, टर्बो, ट्रेलर आदि के चालक जिला कलक्टर के आदेशों को कुछ नहीं समझते और बेखौफ भरी दोपहरी में छापर रोड़ से प्रवेश करके बोबासर पुलिया तक आराम से निकल जाते हैं। वो भी तब तक अशोक स्तम्भ सर्किल पर रोजाना करीब 10-12 घंटे पुलिस की मौजूदगी रहती है। पुलिस की आंखों के सामने भारी वाहन आराम से निकलते हैं। जिससे साफ जाहिर है इसमें किसका क्या लाभ है और क्यों जिला कलक्टर के आदेशों की धज्जियां सरेआम उड़ने दी जा रही है, ये सब जांच का विषय है। लेकिन अगर जिला कलक्टर के आदेशों की पालना नहीं हो रही है, तो अन्य विभागों के स्थानीय अधिकारियों के आदेशों की क्या पालना होती होगी, ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगती। दूसरी ओर इस मामले में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से जब संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि यह कहना सही है कि गुलेरिया तिराहे से लेकर बोबासर प्याउ तक सड़क को दिन में बाई पास के रूप में भारी वाहनों के उपयोग में लाया जा रहा है। इस बारे में पुलिस और डीटीओ दोनों को मैंने फिर से पत्र लिखे हैं। चूरू जिला कलक्टर के नो एंट्री के आदेश यथावत हैं और इन आदेशों की हर हाल में पालना करवाई जाएगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।